RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 90 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 22 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# भारत की विकास दर में 100 फीसद की वृद्धि

## भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने किया दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बीते एक दशक में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना कर दुनिया को चौंका दिया है। आईएमएफ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत की GDP 2015 में 2.1 ट्रिलियन थी, जो 2025 तक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन हो गई। यह 105% की वृद्धि दर को दर्शाता है, जो अमेरिका (66%) और चीन (76%) जैसे वैश्विक दिग्गजों से भी तेज है।

भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर आईएमएफ के हवाले से यह आंकड़ा साझा कर



प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व और उनकी सरकार की सक्रिय आर्थिक नीतियों का परिणाम बताया। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'यह उपलब्धि स्वतंत्रता के बाद से किसी भी पिछली सरकार को नहीं मिली थी। मोदी सरकार के साहसिक सुधार और व्यापार सुगमता को ध्यान देने से भारत वैश्विक महाशक्तियों को पीछे छोड़ रहा है।' विशेषज्ञों का मानना है कि इस शानदार वृद्धि के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# चामुंडा मंदिर में तोड़फोड़ के बाद मूर्तियां उखाड़ी



**अमरोहा (एजेंसी)।** प्राचीन चामुंडा मंदिर की मूर्तियां तोड़ने पर गांव में हिंदू समाज के लोगों में रोष फैल गया। लोगों ने मंदिर पर एकत्र होकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया है। अज्ञात लोगों के खिलाफ तहतीर दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। यह घटना रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतौरा की है।

गांव में आबादी से सटा हुआ प्राचीन चामुंडा मंदिर है। बताते हैं कि शुक्रवार की रात को कुछ शरारती तत्वों (शेष पृष्ठ-3 पर)

## साइबर अपराधियों ने बैंक के कस्टमर केयर के नाम पर झांसे में लिया

# DRDO के पूर्व वैज्ञानिक से 40 लाख ठगे

**दिल्ली (एजेंसी)।** अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के पूर्व वैज्ञानिक से 40 लाख रुपये की ठगी की जांच में दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराधियों के बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए चार शातिरों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी इकबाल अंसारी, साजिद खान, सलमान खान और नरेंद्र कुमार झारखंड के देवघर व राजस्थान के मेवात से धंधा चला रहे थे। इनके पास से पांच स्मार्टफोन,



पीड़ितों के बारे में ब्योरा और अन्य दस्तावेज मिले हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों से संपर्क करते थे। उन्हें बताते थे कि उनके बैंक खाते में समस्या आ गई है और इसे हल करने की आड़ में पीड़ित के मोबाइल फोन में एंड्रॉयड पैकेज किट (एपीके) फाइल के रूप में मालवेयर इंस्टॉल कर देते थे और बैंक खाते, पैन कार्ड समेत अन्य जानकारी चुरा लेते थे।

# कुरुक्षेत्र में महायज्ञ में फायरिंग, एक की मौत

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा) (एजेंसी)।** कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय महायज्ञ में

## ब्राह्मणों को खाना परोसने को लेकर हुआ था विवाद, क्षेत्र में तनाव

आज खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि ब्राह्मणों को बासी खाना परोसने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। विवाद के दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी। उन्हें गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



इस घटना से नाराज ब्राह्मणों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति को नियंत्रण में रखने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, माहौल अभी भी तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# परिजनों को मैसेज करके ट्रक चालक ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** राजस्थान से ट्रक में माल भरकर नोएडा सप्लाई करने आए एक ट्रक चालक ने थाना फेस-2 क्षेत्र के ककराला गांव के पास अपना ट्रक खड़ा करके, ट्रक की बॉडी मे लगे कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या करने से पूर्व उसने अपने परिजनों को मोबाइल फोन से अपना नोएडा का लोकेशन भेजा तथा आत्महत्या करने की सूचना उन्हें मैसेज करके दी।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मोबिन पुत्र जोरमाल निवासी करोड़ जनपद भरतपुर राजस्थान (37 वर्ष) बीती रात को अपने ट्रक में माल भरकर राजस्थान से फेस-दो थाना क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में माल सप्लाई करने आया था। उसने अपना ट्रक ककराला गांव के पास खड़ा किया तथा ट्रक की बॉडी में लगे कुंडा से फंदा लगाकर उसने आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि मरने से पूर्व उसने अपने मोबाइल फोन से अपने घर वालों को नोएडा का लोकेशन भेजा तथा उसने मैसेज करके घर वालों को बताया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवक व महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के सैनी गांव में रहने वाले एक (28 वर्षीय) व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि राहुल शर्मा पुत्र अनिल शर्मा सैनी गांव में रहते थे। उन्होंने शुक्रवार को अपने घर पर मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि श्रीमती रिंकी पत्नी शंकर शर्मा उम्र 30 वर्ष मूल निवासी जनपद अलीगढ़ ने बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना सेक्टर 39 पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र में रहने वाले मनीराम पुत्र केदार सिंह (46 वर्ष) की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना फेस-2 क्षेत्र में रहने वाले मुकेश कुमार सिंह निवासी गांव भंगेल (40 वर्ष) की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में रहने वाली एक 12 वर्षीय छात्रा ने मानसिक तनाव के चलते शुक्रवार को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पायल (12 वर्ष) पुत्री रामनिवास मूल निवासी जनपद औरैया चोटपुर कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहती थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उसने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उसके परिजनों ने उसे फंदे से लटके हुए देखा तो उसे फंदे से उतारकर नोएडा के सेक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया, वहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि किशोरी के परिजनों ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। इस वजह से उसने आत्महत्या की है।

# सेक्टर-11 व 12 में बढ़ती जा रही हैं आपराधिक वारदातें

## सीसीटीवी फुटेज के बाद भी वारदातों का सुराग नहीं लगा पा रही है पुलिस



सीसीटीवी फुटेज में कैद सेक्टर-12 के झपटमार

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-24 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-11 तथा 12 में अपराध तथा अपराधी बेलगाम हो रहे हैं। पुलिस की लापरवाही के चलते अपराधों पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। आलम यह है कि सीसीटीवी फुटेज के बाद भी पुलिस घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रही है।

दो दिन पूर्व सेक्टर-12 के क्यू ब्लॉक में चेन लूट की घटना हुई। शाम को भीड़भाड़ वाले इस क्षेत्र में स्टैंडर्ड स्वीट के सामने एक युवक कोने की दुकान पर स्नेक्स खा रहा था। तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आए एवं थोड़ी देर के बाद युवक की चेन झपटकर बदमाश बाइक पर सवार होकर नौ दो ग्यारह हो गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# डीडीआरडब्ल्यूए की नयी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज शाम

**नोएडा (चेतना मंच)।** डिस्ट्रिक्ट डवलपमेंट रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (डीडीआरडब्ल्यूए) के अध्यक्ष ठा. एन.पी. सिंह समेत समूची कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज शाम सेक्टर-51 स्थित डायमंड क्राउन बैंक्वेट हाल में किया जाएगा। यह जानकारी डीडीआरडब्यूए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने दी है।

उन्होंने बताया कि 16 मार्च को त्रिवार्षिक चुनाव में कार्यकारिणी चुनी गई जिसमें पुन: ठा. एनपी सिंह को अध्यक्ष चुना गया। आज के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ0 महेश शर्मा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोएडा के विधायक पंकज सिंह करेंगे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, सांसद सतीश गौतम, विधायक धीरेन्द्र सिंह, तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा तथा नरेन्द्र भाटी एवं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, डीएम मनीष वर्मा व डीसीपी रामबदन सिंह समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# 27-28 मार्च को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक

## 8 हजार करोड़ तक का हो सकता है बजट, आवंटन दरों में होगी वृद्धि

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण की अगली बैठक अगले सप्ताह 27 या 28 मार्च को



संभावित है। इसके लिए अधिकारियों ने तैयारी भी शुरू कर दी है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस बोर्ड बैठक में बजट को 8 हजार करोड़ तक करने के एजेंडे पर मोहर लगाई जा सकती है। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण आवासीय भूखंडों की पांच प्रतिशत तक आवंटन दरें बढ़ाने की तैयारी है। औद्योगिक और संस्थागत दरें पर भी करीब सात प्रतिशत बढ़ाई जा सकती हैं।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अगले सप्ताह 27-28 मार्च को बोर्ड बैठक होने की संभावना है। बोर्ड बैठक की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्राधिकरण अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में हर विभाग से रखे जाने प्रस्तावों को लेकर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड बैठक में फ्लैट खरीदार और बिल्डर से जुड़ी अमिताभकांत समिति की स्टेटस रिपोर्ट रखी जाएगी। इसमें बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई को लेकर चर्चा होगी।

अधिकारियों ने बताया कि इस बार 7 से 8 हजार करोड़ रुपये का बजट होगा। यह बजट पिछले साल के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत अधिक होगा। सबसे ज्यादा सिविल के कामकाज के लिए बजट रखा जाएगा। दूसरा महत्वपूर्ण प्रस्ताव आवंटन दरों को लेकर होगा। आवासीय भूखंडों से संबंधित 4 से 5 प्रतिशत दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

# ओएसडी ने किया सेक्टर-46 का दौरा, सफाई अभियान शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने आज सेक्टर-46 का दौरा किया तथा वहां की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को निर्देश दिए कि वह रोज यहां की नालियों की सफाई का अभियान शुरू करें ताकि यहां के निवासियों को होने वाली दिक्कत से निजात दिलाई जा सके। इस दौरान सेक्टर-46 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष विजय राणा के अलावा जन स्वास्थ्य के निरीक्षक अरुण झा एवं सफाई कर्मी मौजूद थे। ओएसडी इंदु प्रकाश ने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ समूचे सेक्टर का दौरा किया तथा सफाई व्यवस्था (शेष पृष्ठ-3 पर)



# स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीईओ समेत शीर्ष अधिकारी करते रहे लीपापोती

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्पोर्ट्स सिटी घोटाले के मामले में सीएजी की रिपोर्ट के बाद भी न तो प्राधिकरण ने कोई संज्ञान लिया और न ही राज्य सरकार ने। नतीजा हाईकोर्ट को संज्ञान लेते हुए 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर करानी पड़ी। इस प्रकरण में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ समेत शीर्ष अधिकारी लीपापोती करते रहे।

कोर्ट ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। फिर भी न तो नोएडा प्राधिकरण और न ही राज्य सरकार ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने या बिल्डरों से बकाया वसूलने जैसी कोई कार्रवाई की। कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण और राज्य के अधिकारियों को उनकी निष्क्रियता और मिलीभगत के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में प्राधिकरण में कई बड़े अधिकारी आए और गए लेकिन किसी भी अधिकारी ने चिंता नहीं जताई या घाटे की भरपाई करने का



प्रयास नहीं किया।

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने नोएडा स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच का आदेश दिया है। इस मामले में सीबीआई ने दो एफआईआर दर्ज की है। पहली एफआईआर लॉजिक्स इंफ्रा डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और दूसरी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर की गई है। दोनों पर आरोप है 2011 से 2017 तक बिल्डरों, कंसोर्टियम, और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर कथित तौर पर घर खरीदारों के पैसे हड़पने का आरोप है।

सीबीआई ने अपनी एफआईआर में छह आरोपी बनाए है। लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को पहला आरोपी बनाया है। इसके अलावा कंपनी के डायरेक्टर शक्ति नाथ, मीना नाथ, विक्रम नाथ शामिल है। वहीं नोएडा प्राधिकरण के अज्ञात अधिकारी और अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसी तरह दूसरी एफआईआर लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की गई है। ये प्रोजेक्ट सेक्टर-150 एससी 01 और इससे जु ?ीर 12 सबलीज कंपनियों से जु ?ा है। जिसमें सभी 12 के नाम शामिल है।

जिसमें पहला आरोपी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन कंपनी को बनाया गया । इसी तरह कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह, विद्युर भरद्वाज, सुरप्रीत सिहं सूरी और नोएडा प्राधिकरण के अज्ञात अधिकारी व एक अन्य खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एफआईआर में हाइकोर्ट का आदेश का हवाला दिया गया है। इसमें लोटस ग्रीन के अलावा उनकी सब लीज करीब 24 कंपनियों को भी शामिल किया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## किसानों का धरना

खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर किसानों के एक घटक द्वारा तेरह माह से चलाए जा रहे आंदोलन का बलपूर्वक समापन एक अच्छी स्थिति कदापि नहीं की जा सकती। हालांकि यह भी तय था कि यह आंदोलन अनिश्चितकाल के लिये नहीं चलाया जा सकता था। लेकिन चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में बात न बनने के बाद पंजाब सरकार की बलपूर्वक की गई कार्रवाई से धरना स्थल को खाली करवाने व किसान नेताओं की गिरफ्तारी से किसानों में रोष स्वाभाविक ही है। निर्विवाद रूप से लंबे समय से खनौरी व शंभू बॉर्डर से जुड़े राजमार्ग के बाधित होने से यात्रियों व कारोबारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं सरकार ने भी इस आधार पर अपनी कार्रवाई को तार्किक बताया है कि दो प्रमुख राजमार्गों के लंबे समय तक बंद रहने से उद्योग और व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। निजी वाहनों को भी लंबे रास्तों से सफर तय करने में अधिक समय व पेट्रोल खर्च करना पड़ रहा था। वहीं किसान नेताओं का आरोप है कि उन्हें आंदोलन करने के उनके लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित करने का कदम दमनकारी है। जैसा कि उम्मीद थी, विपक्षी राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर बयानबाजी शुरू कर दी है। लेकिन एक बात तो तय है कि किसान संगठन व सरकारें विभिन्न मुद्दों पर आम सहमति बनाने में सफल नहीं हो पाए हैं। जिसके चलते राज्य सरकार व किसान संगठनों में अविश्वास व टकराव बढ़ा है। विडंबना यह भी है कि किसान संगठनों में मांगों को लेकर खासे मतभेद हैं। यदि सभी संगठन एमएसपी के मुद्दे पर एकजुट होकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाते तो शायद कोई सार्थक समाधान निकल पाता। लेकिन इसके विपरीत किसान संगठन आपस में ही उलझते रहे। यही वजह है कि किसान संगठनों के घटते जनसमर्थन को देखते हुए राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया। जबकि केंद्र सरकार भी इस मुद्दे के प्रति गंभीर नजर नहीं आयी। जरूरी है कि केंद्र व राज्य सरकारें किसानों के मुद्दों पर किंतु-परंतु की नीति को त्यागकर समयबद्ध तरीके से कृषि संकट को दूर करने के लिये दृढ़ प्रतिबद्धता से बातचीत करें। विभिन्न मांगों पर लचीला रवैया दोनों पक्षों के लिये लाभकारी साबित हो सकता है। यह समय किसान संगठनों के लिये भी आत्ममंथन करने का है। उन्हें तीन कृषि सुधारों के विरोध में वर्ष 2020-21 में दिल्ली की सीमा पर चले लंबे किसान आंदोलन के खराब संचालन से भी सबक लेना चाहिए। हालांकि, तीन प्रस्तावित कृषि कानून अंततः स्थगित कर दिए गए, लेकिन सैकड़ों किसानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी। इसके बावजूद फसलों की एमएसपी हेतु कानून बनाने में विफलता ही हाथ लगी। निस्संदेह, लंबे किसान आंदोलन से पंजाब के कारोबार को दांव पर नहीं लगाया जा सकता, लेकिन ध्यान रहे कि कृषि पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। ऐसे में सभी को साथ लेकर सुलह-सफाई करने के लिये गंभीर प्रयासों की जरूरत है। यदि ऐसा न होने पर राज्य में अशांति बढ़ती है तो वित्तीय संकट से जूझते पंजाब को और मुश्किलों का सामना करना होगा। सरकार को भी घाटे का सौदा साबित हो रही खेती की दशा सुधारने के लिये स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की दिशा में सोचना चाहिए। वहीं कर्ज माफी की किसानों की मांग पर उदारतापूर्वक विचार करना चाहिए। जब उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों का क्यों नहीं। वहीं किसानों को भी चाहिए कि वे कृषि ऋण गैर उत्पादक कार्यों पर न खर्च करें। किसान संगठनों को भी एक मंच पर आकर जनता का विश्वास हासिल करना चाहिए, जो हाल में लगातार कम होता गया है। इस दिशा में केंद्र सरकार से भी गंभीर पहल की दरकार है। यह मुद्दा देश की खाद्य सुरक्षा से जुड़ा है। साथ ही उन मुद्दों को भी संबोधित करने की जरूरत है जो ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पैदावार घटाने में भूमिका निभा रहे हैं। यह भी कि पंजाब में लगातार गिरता भूजल स्तर किसानों के सामने नये संकट पैदा कर रहा है। ऐसे में फसल विविधता के मुद्दे को भी संबोधित करने की जरूरत है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वहाँ शिवजी के दो गण भी थे। वे सब भेद जानते थे और ब्राह्मण का वेष बनाकर सारी लीला देखते-फिरते थे। वे भी बड़े मौजी थे।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जेहिं समाज बैठे मुनि जाई। हृदयँ रूप अहमिति अधिकाई।।**
**तहँ बैठे महेस गन दोऊ। बिप्रबेष गति लखइ न कोऊ।।**

नारदजी अपने हृदय में रूप का बड़ा अभिमान लेकर जिस समाज (पंक्ति) में जाकर बैठे थे, ये शिवजी के दोनों गण भी वहीं बैठ गए। ब्राह्मण के वेष में होने के कारण उनकी इस चाल को कोई न जान सका।।

**करहिं कूटि नारदहि सुनाई। नीकि दीन्हि हरि सुंदरताई।।**
**रीझिहि राजकुअँरि छबि देखी। इन्हहि बरिहि हरि जानि बिसेषी।।**

वे नारदजी को सुना-सुनाकर, व्यंग्य वचन कहते थे- भगवान ने इनको अच्छी सुंदरता दी है। इनकी शोभा देखकर राजकुमारी रीझ ही जाएगी और हरि (वानर) जानकर इन्हीं को खास तौर से वरेगी।।

**मुनिहि मोह मन हाथ पराएँ। हँसहिं संभु गन अति सचु पाएँ।।**
**जदपि सुनहिं मुनि अटपटि बानी। समुझि न परइ बुद्धि भ्रम सानी।।**

नारद मुनि को मोह हो रहा था, क्योंकि उनका मन दूसरे के हाथ (माया के वश) में था। शिवजी के गण बहुत प्रसन्न होकर हँस रहे थे। यद्यपि मुनि उनकी अटपटी बातें सुन रहे थे, पर बुद्धि भ्रम में सनी हुई होने के कारण वे बातें उनकी समझ में नहीं आती थीं (उनकी बातों को वे अपनी प्रशंसा समझ रहे थे)।।

(क्रमशः... )

# भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की ओर दिया जा रहा है विशेष ध्यान

प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरूकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रात:काल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योगक्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे। इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रात:काल में जल्दी उठना, दिन भर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी। परंतु, आज परिस्थितियां बदली हुई सी दिखाई देती हैं। पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे रुझान के चलते युवाओं के खानपान में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई देता है, दिनचर्या में परिवर्तन दिखाई देता है, रात्रि में बहुत देर से सोना और सूर्य नारायण के उदित होने के पश्चात दिन में बहुत देर से उठना आदि कारणों के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां नागरिकों को घेरने लगी हैं। अत: केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपने बजट में विशेष प्रावधान करने पड़ रहे हैं।

आज, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा यह प्रयास किए जा रहे हैं कि समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें और आज सरकार की यह प्राथमिकता बन गई है। देश में नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 175,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन सभी प्रयासों के चलते आज भारत में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में भी व्यापक कमी दृष्टिगोचर हुई है और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते एवं अस्पताल, इलाज और दवा की व्यवस्था के कारण एक सामान्य परिवार में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च निरंतर कम हो रहा है।

भारत में, नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है। अत: केंद्र सरकार ने कैंसर दवाओं के आयात पर कस्टम ड्यूटी को समाप्त कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा, अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए, सर्वाइकल कैंसर के लिए अब तक लगभग नौ करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। देश में लगातार बढ़ रही कैंसर के मरीजों की संख्या को देखते हुए देश के समस्त जिलों में आगामी 3



**भारत में, नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है।**

वर्षों के दौरान डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना कर दी जाएगी। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की जा रही है।

इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से दिमागी बुखार से लड़ने में देश को बहुत सफलता मिली है। इससे होने वाली मृत्यु दर अब घटकर छह प्रतिशत रह गयी है। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या भी घटी है। भारत को टीबी मुक्त बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की सही ट्रैकिंग रखने के लिए U-WIN नामक पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर अब तक लगभग तीस करोड़ वैक्सीन खुराक दर्ज हो चुकी है। टेली मेडिसिन के माध्यम से तीस करोड़ से अधिक ई-टेली-कन्सल्टेशन से नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिला है।

देश में यदि विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं तो इन बीमारियों के पहचानने के लिए उचित संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता बनी रहे एवं विशेष रूप से गांवों में भी डॉक्टर उपलब्ध रहें इस हेतु केंद्र सरकार द्वारा देश में डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 110,000 नई मेडिकल सीटों का सृजन, 130 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ, किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटों का सृजन भी किया जा रहा है ताकि आगामी पांच वर्षों के दौरान देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 नई सीटों के सृजन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। साथ ही, केंद्र सरकार हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा दे रही है। देश में नए बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइसेस के पार्क भी बनाए जा रहे हैं। इनमें रोजगार के अनेक नए अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं।

जल जनित बीमारियों के बचाव के उद्देश्य से, विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से, ताकि दूषित जल पीने से होने वाली बीमारियों से नागरिकों की रक्षा की जा सके, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और अभी तक 15 करोड़ परिवारों (भारत की 80 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या) को इस योजना के अंतर्गत नलों के माध्यम से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा चुका है।

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की दृष्टि से भारत में निवासरत नागरिक एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं। अन्यथा, अन्य कई विकसित देशों में आज स्वास्थ्य सेवाएं न केवल अत्यधिक महंगी दरों पर उपलब्ध हो रही हैं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर उपलब्ध होना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। अमेरिका में किसी नागरिक को यदि किसी डॉक्टर से अपाइंटमेंट लेना हो तो कभी कभी तो एक माह तक इसका इंतजार करना होता है। इमर्जेन्सी की स्थिति में विशेष इमर्जेन्सी अस्पताल में दिखाना होता है, जहां अत्यधिक महंगी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती है। यदि किसी नागरिक के पास स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध नहीं है तो सम्भव है कि पूरे जीवन भर की कमाई इन विशेष इमर्जेन्सी अस्पतालों में खर्च हो जाए। अत: स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अमेरिका में आज डॉक्टर को दिखाकर दवाई लेना अति मुश्किल काम है। इन विकसित देशों के विपरीत, भारत में तो किसी भी मोहल्ले में डॉक्टर को बहुत आसानी से दिखाया जा सकता है एवं तुरंत दवाई ली जा सकती है। आज अमेरिका में स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वहां के नागरिक बीमार होने की स्थिति में, स्थानीय डॉक्टर से चूंकि तुरंत समय नहीं मिल पाता है अत:, ये बीमार नागरिक आस पास के देशों में जाकर अपना इलाज करा रहे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में बिना मेडिकल बीमा के आप इन देशों में जिंदा नहीं रह सकते। अब आप कल्पना करें कि भारत में इलाज कराना कितना आसान है एवं वास्तव में ही इस दृष्टि से हम भारत में एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं।

कुल मिलाकर, देश में उत्तम स्थिति तो यह होनी चाहिए कि देश के नागरिक बीमार ही नहीं पड़ें, यह तभी सम्भव है जब देश के नागरिक अपनी सनातन संस्कृति के संस्कारों का नियमित रूप से अनुपालन पुन: प्रारम्भ करें। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो केंद्र एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इसी प्रकार अपने बजट में बहुत बड़ी राशि का प्रावधान करते रहना पड़ेगा।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

## औरंगजेब की कब्र पर बढ़ता विवाद

शैतानी रूहों के बारे में कहा जाता है कि वे अपनी कब्र से बार-बार बाहर निकलती रहती हैं। यत्नपूर्वक इन शैतानी रूहों को लोग कब्र में दबाते हैं, लेकिन कुछ साल बाद वे फिर बाहर आकर अपना शैतानी खेल शुरू कर देती हैं। मुगल खानदान के बादशाह औरंगजेब के साथ भी यही हो रहा है। उसने जिंदा रहते हुए भी लोगों पर अमानुषिक अत्याचार किए और मरने के बाद भी उसका यह खेल जारी है। सबसे पहले, औरंगजेब नाम का यह शख्स कौन था? इसका ताल्लुक मध्य एशिया से है और यह वहां के तुर्क समाज से ताल्लुक रखता था। यह बाबर के खानदान का था। बाबर के खानदान ने हिंदुस्तान पर हमला करके यहां अपना राज स्थापित किया था। इतिहास में इसे मुगल खानदान के नाम से जाना जाता है। बाबर के बाद उसका बेटा हुमायूं, उसके बाद अकबर, जहांगीर, शाहजहां और उसके बाद औरंगजेब ने सत्ता संभाली थी। लेकिन आगे बढने से पहले यह जान लेना भी जरूरी है कि जब मुगल खानदान ने भारत के बड़े हिस्से पर कब्जा किया, तब भी यहां मध्य एशिया के सुलतानों का ही राज था। सुलतानों का यह राज 1100-1200 ईस्वी सन् के आसपास शुरू हो गया था। बाबर ने इब्राहिम लोधी को परास्त करके उत्तरी भारत के बड़े हिस्से पर कब्जा जमाया था। किस्सा कोताह यह कि मुगल अपनी सल्तनत को पूरे हिंदुस्तान में फैलाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन हिंदुस्तान के लोग उनको खदेडने की कोशिश भी कर रहे थे। वैसे गहराई से देखा जाए तो मुगलों के इन हमलों को सबसे पहली चुनौती सप्तसिंधु में ही गुरु नानक देव जी ने दी थी। गुरु नानक देव जी द्वारा रचित बाबर वाणी इसकी गवाही देती है। नानक देव जी इस हमले को 'जम (यमराज) कर मुगल चढ़ाईया' कहते हैं और इसको 'हिंदुस्तान डराइया' भी कहते हैं।

जाहिर है कि सप्त सिंधु/पंजाब ने तो इस मुगल सत्ता को शुरू से ही चुनौती देनी शुरू कर दी थी। लेकिन मुगल सत्ता को दूसरी सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण के पठारों में मराठों से मिली। शिवाजी मराठा के नेतृत्व में मराठों ने बहुत बड़े क्षेत्र को मुगलों से आजाद करवा कर 1674 में हिंदवी साम्राज्य यानी हिंदुस्तानियों के अपने राज की स्थापना की। इधर सप्त सिंधु/पंजाब क्षेत्र में दशगुरु परंपरा, जिसका पौधा गुरु नानक देव जी ने लगाया था, का प्रभाव बढ़ता जा रहा था। अफगानिस्तान से लेकर दिल्ली तक नया उत्साह संचार हो रहा था। इसका प्रभाव इतना बढ़ा कि पश्चिमोत्तर भारत के लोगों ने पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव जी को 'सच्चा पातशाह' कहना शुरू कर दिया। यानी मुगल बादशाह तो झूठा है, वह हिंदुस्तान का बादशाह नहीं है। हमारा सच्चा पातशाह ही हिंदुस्तान का बादशाह है। गुरु अर्जुन देव जी ने जन आस्था की रक्षा के लिए मुगलों का सामना किया, उनके आगे झुकने से इंकार कर दिया। मुगल बादशाह जहांगीर की दारुण यातनाओं का सामना करते हुए बलिदान दे दिया। लेकिन यह लड़ाई यहीं खत्म नहीं हुई। मुगल सत्ता पर औरंगजेब बैठा। लेकिन गद्दी पर कब्जा करने से पहले उसने अपने सभी भाइयों को मरवा दिया। 'मरवा दिया' कहने मात्र से शायद स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाएगी। अपने बाप शाहजहां को कैद में डालने के बाद, औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह का सिर काट कर उसे थाल में सजा कर, शाहजहां को तोहफे के रूप में पेश किया। दक्षिण के पठारों में 1674 में हिंदवी राज की स्थापना ने औरंगजेब को हिला दिया था। इधर दशगुरु परंपरा के आंदोलन ने सप्त सिंधु/पंजाब क्षेत्र की हवा बदलनी शुरू कर दी थी। औरंगजेब के अत्याचार बढ़ते जा रहे थे, वह पूरे हिंदुस्तान को 'दारुल इस्लाम' बना देना चाहता था। लेकिन दक्षिण में नींव हिल गई थी और इधर पंजाब विरोध में आ खड़ा हुआ था। इसका नेतृत्व नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी कर रहे थे। इतिहास ने औरंगजेब के अत्याचारों की पराकाष्ठा भी देखी और श्री गुरु तेग बहादुर और उनके तीन साथियों के प्रतिरोध की क्षमता भी देखी। मतिदास जी, सती दास जी, भाई दियाला जी के किस निर्दयता से प्राण लिए गए, इसे कैसे भूला जा सकता है? गुरु तेग बहादुर जी का सिर तलवार के वार से धड़ से अलग कर दिया गया। उन्होंने बलिदान दे दिया, लेकिन इस्लाम स्वीकार नहीं किया। यह दुखांत 1675 का है। 1680 में शिवाजी मराठा का देहावसान हो गया।

इस नए साम्राज्य की बागडोर उनके सुपुत्र संभा जी महाराज ने संभाली। वह अपने राज्य को मजबूत करने के प्रयास में लगे थे। औरंगजेब चाहता था इस हिंद स्वराज का विस्तार होने से पहले-पहले किसी भी तरह इस पर कब्जा किया जाए। आरपार की लड़ाई थी। लेकिन 1689 में छत्रपति संभाजी महाराज पकड़े गए। अब 'टोपियां बना कर घर का खर्चा चलाने वाले औरंगजेब' का असली रूप सामने आया। वैसे उसका एक रूप पूरा हिंदुस्तान पहले दिल्ली के चांदनी चौक में भी देख चुका था। इस बार फिर औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी थीं। औरंगजेब की एक ही मांग थी- इस्लाम मजहब को स्वीकार करो। वह गुरु तेग बहादुर जी से भी यही मांग कर रहा था। उसको लगता था गुरु जी इस्लाम में आ जाएंगे तो शेष भारतीयों को मतांतरित करना आसान हो जाएगा। वह अब भी यही मान रहा था कि यदि शिवाजी महाराज का बेटा मुसलमान हो जाएगा तो दक्षिण के पठारों में तो इस्लाम का झंडा फहराने ही लगेगा। लेकिन संभाजी दृढ़ थे। औरंगजेब ने उसके नाखून निकलवा दिए, आंखें फोड़ दीं और अंत में उनकी जुबान काट दी। अंत में औरंगजेब ने संभाजी का सिर कटवा दिया। लेकिन औरंगजेब के भीतर का पशु इतने पर भी शांत नहीं हुआ। उसने संभाजी के शरीर के कई टुकड़े करवा कर नदी में फिंकवा दिए। औरंगजेब इसी को अपनी जीत समझ रहा था। लेकिन भारत भी अंगड़ाई ले रहा था। उसकी एक आहट सप्त सिंधु में सुनाई दे रही थी, जब दशम गुरु गोबिंद सिंह जी ने पुआध क्षेत्र में खालसा पंथ की स्थापना करके भारतीय इतिहास में एक नया अध्याय रच दिया। चमकौर की लड़ाई के बाद गुरु गोविंद सिंह जी ने औरंगजेब को जफरनामा यानी जीत की चिट्ठी लिखी। इस चिट्ठी ने औरंगजेब का काला चिट्ठा इतिहास में सुरक्षित कर दिया। 1707 में औरंगजेब अहमदनगर में सुपुर्दे खाक हो गया। उधर खालसा पंथ ने जम्मू कश्मीर के बंदा बहादुर के नेतृत्व में पश्चिमोत्तर भारत में मुगल साम्राज्य की नींव हिला दी। औरंगजेब की लाश पड़ी थी। उसकी वसीयत पढ़ी गई। उसमें लिखा था कि मेरी मौत जहां भी हो, लेकिन मुझे खुल्दाबाद में ही दफनाया जाए जहां मेरे गुरु सैयद जैनुद्दीन शिराजी दफन हैं।

इसलिए औरंगजेब के बेटे ने उसकी कब्र अहमदनगर में न बना कर खुल्दाबाद में बनवाई। वह कब्र अब भी मौजूद है और भारत सरकार उसकी सार संभाल करती है। अब कब्र की बात। पंजाब में होला मोहल्ला के दिन आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ के प्रतिनिधि निहंग समाज के निहंग बड़ी संख्या में एकत्रित होते हैं। वे दूर महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के खुल्दाबाद में औरंगजेब की कब्र पर तो जा नहीं सकते। इसलिए वे आनंदपुर में ही औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र बनाते हैं और जूतों से उसकी निरंतर पिटाई करते हैं। लेकिन पिछले कुछ अरसे से महाराष्ट्र के लोग भी गुस्से में हैं। सबसे पहले उन्होंने मांग की कि अहमदनगर, जहां औरंगजेब मरा था, का नाम अहिल्या बाई होल्कर के नाम पर अहिल्यानगर किया जाए। सरकार ने लंबे संघर्षों के बाद यह मांग पूरी कर दी। तब दूसरी मांग उठी। जिस औरंगजेब ने संभाजी महाराज को इतनी निर्दयता से मारा, उस औरंगजेब के नाम से भारत के किसी शहर का नाम क्यों रखा जाए? सरकार ने औरंगाबाद का नाम भी बदलकर संभाजी नगर कर दिया है। अब महाराष्ट्र औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग पर अड़ा है।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

## राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी | (विक्रम संवत् 2081)



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। लिक्विड फंड में बढ़ोतरी होगी। वाणी से लोगों का दिल जीत लेंगे।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य में सुधार।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता कर्ज की स्थिति ला सकती है, यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। शत्रु भी मित्रवत कोशिश करेंगे। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार अच्छा। धार्मिक यात्रा हो सकती है।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शादी-ब्याह तय हो सकता है। नवप्रेम का आगमन हो सकता है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय। लिखने-पढ़ने के लिए बहुत अच्छा समय। कवियों के लिए अच्छा समय।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। घर में कोई शुभ संस्कार हो सकता है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य में सुधार। पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा।

# दीपक भाटी को बधाईयों का तांता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है।



जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुध नगर के पुन: अध्यक्ष मनोनीत किए गए जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने आज बिसरख स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पधारे शुभचिंतकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की बधाइयां व शुभकामनाएं स्वीकार कर संगठन को और मजबूत व जनहित में काम करने पर चर्चा की।

बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस के जिला चैयरमैन गौतम अवाना, तुस्याना गांव के पूर्व प्रधान रवि प्रधान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप नागर, कपिल बाबा एडवोकेट, जिला संगठन प्रभारी मुकेश शर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह बाल्मीकि, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष महाराज सिंह नगर वरिष्ठ जिला महासचिव कल्पना सिंह, धीरा सिंह जिला सचिव गौतम सिंह, बिंदर नागर, गौरव नागर, नवीन नागर, अभिषेक सिंह आदि उत्साही कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया प्रणीत भाटी को सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में कल भाजपा द्वारा अटल शताब्दी वर्ष पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने गौतमबुद्धनगर के प्रथम जिलाध्यक्ष रहे प्रणीत भाटी एवं पूर्व प्रदेश मंत्री हरिश्चंद्र भाटी को उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया।

भाजपा के ज़िला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि प्रणीत भाटी व पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता हरिश्चन्द्र भाटी ने भारतीय जनता पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनका संगठन कौशल व समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर मुख्य रूप आनन्दवर्धन चंदेल गुरुदेव भाटी वीरेन्द्र भाटी मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा कर्मवीर आर्य अरुण प्रधान मुकेश दीक्षित अर्पित तिवारी आदि दर्जनों कार्यकर्ता साथ रहे।

# जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली ( चेतना मंच )।**

युद्धविराम को तोड़ते हुए फिलिस्तीन पर बर्बर इजरायली हमले में 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं एवं बच्चों की है। इस बर्बर हमले के खिलाफ फिलिस्तीन सोलिडेरिटी ऑर्गेनाइजेशन के आह्वान पर जंतर मंतर नई दिल्ली पर विभिन्न जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विभिन्न जन संगठनों के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नोएडा से सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, रंजीत सिंह, रामस्वारथ के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शन को माकपा की राष्ट्रीय नेता सुभाषिनी अली, सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन, जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष मरियम धवले, किसान सभा के राष्ट्रीय नेता हनान मौला, एस एफ आई नेता आयुषी घोष, सीपीआई(एम) दिल्ली राज्य कमेटी के नेता अनुराग सक्सेना, राजीव कुंवर सहित अनेकों नेताओं ने संबोधित किया।

# बिहार में मजबूती से चुनाव लड़ेगी लोजपा : अमरेश



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अमरेश श्रीवास्तव ने कहा है कि लोक जनशक्ति पार्टी बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने जा रही है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अभी से पार्टी के प्रचार प्रसार में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में लग गए हैं।

श्रीवास्तव ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी पूरे देश में तेजी के साथ काम कर रही है।

# आज होगा पौधारोपण




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के द्वारा एक पौधारोपण का कार्यक्रम आज आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ़ में किया जाएगा।

वृक्षारोपण में आम, जामुन, आवला, नीम, बोटल पाम, नीबू व फूलों के 75 पौधे लगाये गए।

क्लब द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहता है।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष विकास गर्ग, मुकुल गोयल, कपिल गुप्ता, विनय गुप्ता, मोहित बंसल, कपिल गर्ग, अशोक सेमवाल, मनु जिंदल, आर्मी इंस्टिट्यूट से डायरेक्टर मेजर जनरल राजेंद्र बाना,कर्नल दिनेश कुमार त्यागी, डॉ श्यामली सत्पथी, डॉ अनुभव वर्मा ,डॉ प्रियंका श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# देवताओं के पूजन से पहले पितरों की पूजा का है प्रावधान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय परम्परा में देवताओं के पूजन के पहले पितरों की पूजा का विधान है। मान्यता है कि मनुष्यों को देवताओं की कृपा पितरों के माध्यम से ही प्राप्त होती है। पितरों की प्रसन्नता से संतान और देवताओं की पूजा से संपत्ति प्राप्त होती है। संतान और संपत्ति के बिना व्यक्ति का जीवन अपूर्ण होता है। भारतीय धरोहर विचार मंडल, ग्रेटर नोएडा की ओर से डेल्टा 1 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन आचार्य पवन नंदन महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पश्चात नन्द बाबा ने पितरों और देवताओं का पूजन किया।

आचार्य जी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने पूतना वध, तृणावर्त वध, कलिया मर्दन, गौ चारण, माखन चोरी, गोवर्धन लीला आदि प्रसंग सुनाए। आचार्य पवन जी ने कहा कि प्रभु इन लीलाओं के माध्यम से हमें प्रकृति प्रेम, गौ पालन , पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं। आचार्य जी द्वारा गाए भजन 'छटा तेरी तीन लोक से नारी है गोवर्धन महाराज' पर श्रद्धालु भक्ति भाव से नाचने लगें।

### श्रीमद् भागवत कथा का पांचवां दिन



कथा के आरम्भ में मुख्य यजमान नरेश गुप्ता, दैनिक यजमान शरद त्यागी, गिरीश गोयल कावेरी ग्रुप, रविनाथ सिंह, त्रिलोक चंद्र अग्रवाल ने हरिद्वार से पधारे भागवत कथा व्यास श्री पवन नंदन जी का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्रेटर नोएडा में 7 से 23 मार्च तक प्राचीन भारत की ज्ञान सम्पदा के संरक्षण, संवर्धन और नि:शुल्क आयुर्वैदिक चिकित्सा को समर्पित भागवत कथा का आयोजन डेल्टा वन, ग्रेटर नोएडा के कम्यूनिटी सेंटर में किया जा रहा है।

कथा में आयोजन समिति के नवीन जिंदल, कुलदीप शर्मा, मनोज सिंघल, प्रमोद चौहान, सरोज तोमर, कपिल कृष्ण, मुकुल गोयल, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती पूनम अग्रवाल, रश्मि अरोड़ा, रोहिणी, दिल्ली से पधारे भारतीय धरोहर पत्रिका के स्वामी राजकुमार अग्रवाल, देवी शरण शर्मा ( पूर्व डीजीसी), कर्नल लाखन सिंह (पूर्व सैनिक सेवा परिषद), बुलंदशहर से पधारे भूपेंद्र गौड़, ललित शर्मा, संजय सूदन, गौरव उपाध्याय, नवनीत गुप्ता, डी के अरोड़ा, अनुज उपाध्याय, कौशल गुप्ता, सतीश गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# पुलिस के अधिकारियों को किया सम्मानित

**दादरी (चेतना मंच)।** कस्बा दादरी रेलवे रोड व जीटी रोड सड़क से अतिक्रमण हटवाकर लोगों को जाम से छुटकारा तथा दादरी क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था होने पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन के पदाधिकारी ने दादरी कोतवाली जाकर अच्छे कार्य के लिए सहायक पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षणाघीन) कृतिका शुक्ला व दादरी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार को गुलदस्ता मोमेंट पेन डायरी तथा फूल माला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनका आभार जताते हुए दिल से धन्यवाद किया।

किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपवास ने बताया कि कस्बा दादरी में सड़क पर अतिक्रमण के चलते शहर में आए दिन जाम लगा रहता था। सड़क पर जाम के कारण लोग शहर में आने से डरते थे। लेकिन दादरी कोतवाली प्रभारी ने अपना चार्ज संभालते ही सबसे पहले दादरी शहर को जाम से मुक्ति दिलाई है। जाम से राहत मिलने पर दादरी शहर व आसपास के क्षेत्र के रहने वाले लोग पुलिस के अधिकारियों की भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। प्रदेश महासचिव अशोक भाटी ने बताया कि दादरी कोतवाली में बैठे पुलिस अधिकारियों की कार्य शैली व बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर आम आदमी संतुष्ट है। जिला संयोजक सुरेश प्रधान ने किसानों व मजदूर से संबंधित समस्याओं के बारे में कोतवाली प्रभारी को अवगत कराया। किसान मजदूर बेसहारा लोगों को समय पर न्याय मिलना चाहिए। किसान नेता ने कहा की दादरी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार व पुलिस के अन्य अधिकारियों ने अपना चार्ज संभाला है। उसके बाद कस्बा दादरी व दादरी क्षेत्र में काफी सुधार आया है। और हम कोतवाली प्रभारी दादरी से उम्मीद करते हैं कि आगे सड़क पर अतिक्रमण ना हो और लोगों को जाम से इसी प्रकार छुटकारा मिला रहे। दादरी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने कहा कि किसान मजदूर गरीब बेसहारा लोगों को कभी भी कोई दिक्कत नहीं होगी। अगर किसी व्यक्ति की कोई शिकायत है तो वह मुझे आकर बता सकता है। शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा अगर कोई मेरे क्षेत्र में गुंडागर्दी करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर मनोज भाटी पाली एनसीआर सचिव सरोज भाटी जिला उपाध्यक्ष जयंती प्रसाद तहसील संरक्षक धूम सिंह भगत जी गौरव पवार, प्रवीण चौधरी, कपिल खारी प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भाटी पाली प्रदेश सचिव किसान नेता राजकुमार रूपवास आदि मौजूद थे।

# पृष्ठ एक के शेष....

**भारत की विकास दर ....**

मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI) योजनाओं ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। साथ ही, मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम और आईटी सेक्टर की निरंतर प्रगति ने आर्थिक विकास को गति दी है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर इसकी स्थिति को मजबूत कर रही है। जहां अमेरिका की जीडीपी 30.3 ट्रिलियन डॉलर और चीन की 19.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रही है, वहीं भारत की विकास दर अन्य देशों की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है।

हालांकि, इस ग्रोथ के बावजूद भारत को बेरोजगारी, महंगाई और आय असमानता जैसी चुनौतियों से जूझना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले दशक में भारत को आर्थिक सुधारों पर अधिक ध्यान देना होगा ताकि यह विकास आम जनता तक पहुंचे और देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना साकार हो सके।

**चामुंडा मंदिर में ....**

ने मंदिर में पहुंचकर मंदिर की मूर्तियां तोड़ दी और कुछ मूर्तियां उखाड़ कर ले गए। शनिवार सुबह पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंचे लोगों को इसकी जानकारी हुई तो रोष फैल गया। कुछ ही देर में मंदिर पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

ग्रामीणों ने घटना के प्रति नाराजगी जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की घटना की गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया।

सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**स्पोर्ट्स सिटी घोटाले ....**

ये प्रोजेक्ट सेक्टर-150 एससी-01/ए और एस-02 से जु ?ा है।

बता दे सीएजी ऑडिट में स्पोर्ट्स सिटी आवंटन में बड़ी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया था। जिससे नोएडा प्राधिकरण और राज्य सरकार को 9000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। ऑडिट में पाया गया कि डेवलपर्स को जमीन कम कीमत पर दी गई। डेवलपर्स द्वारा नोएडा प्राधिकरण को साइड लाइन करते हुए स्वामित्व का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया। लीज प्रीमियम, जुर्माना और ट्रांसफर चार्ज तक नहीं दिए गए। साथ ही खेल के बुनियादी ढांचे के पूरा न होने के बावजूद अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

**सेक्टर-11 व 12 में ....**

पीड़ित युवक ने बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन लोगों का सहयोग न मिलने कारण बदमाश आराम से फरार हो गए। इस घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई लेकिन अभी तक पुलिस इस मामले को खोल नहीं पाई है और ना ही झपटमारों का कोई सुराग लगा पाई है।

इसी तरह होली के पूर्व सेक्टर-11 में मदर डेयरी के पास मार्केट में स्टैंडर्ड स्वीट्स तथा जय बांग्ला स्वीट्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने एक लाख से अधिक की नकदी चुरा ली। चोर कार में सवार होकर आए थे। सीसीटीवी कैमरे में फुटेज मिलने के बावजूद भी पुलिस आज तक इस घटना का अनावरण नहीं कर पाई।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आए दिन सेक्टर-11 तथा 12 में चोरी-चकारी व झपटमारी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। चौकी प्रभारी इन अपराधों को रोकने में अक्षम साबित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त कम होने के कारण बदमाशों के हौसले बुलंद है जिससे इस क्षेत्र के लोग काफी सहमे हुए हैं।

**ओएसडी ने किया...**

का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि यहां पर तैनात सफाईकर्मी रोजाना नालियों की सफाई करके इसे एक अभियान के रूप में चलाएंगे ताकि सेक्टर की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से की जा सके। इस मौके पर आरडब्लूए के पदाधिकारियों ने ओएसडी का आभार जताया।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com



खास खबर

## देश में 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5जी उपभोक्ता

नई दिल्ली। देश में साल 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई। 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है। एफडब्ल्यूए ग्राहक अब औसत यूजर्स की तुलना में 12 गुना अधिक डाटा का उपभोग कर रहे हैं। यह बदलाव आवासीय और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के कारण हो रहा है।

## दुनिया के हर इंसान पर 100 रुपये से ज्यादा का कर्ज: रिपोर्ट

नई दिल्ली। दुनिया की 800 अरब की आबादी के हिसाब से हर व्यक्ति पर करीब 104 रुपये का कर्ज है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ती ब्याज दरों के कारण कर्ज लेने वालों के लिए स्थिति मुश्किल हो रही है। सरकारों और कंपनियों को अब अपने निवेश को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि उनका कर्ज प्रोडक्टिव साबित हो सके। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2024 के बीच ब्याज लागत का सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सा 20 साल के सबसे निचले स्तर से अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## भारत अपना खुद का वेब ब्राउजर बनाएगा

नई दिल्ली। भारत अपना खुद का वेब ब्राउजर बनाने के बारे में विचार कर रहा है और इसके लिए सरकार ने एक प्रतियोगिता के माध्यम से तीन कंपनियों को चयन किया है। केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत एक स्वदेशी वेब ब्राउजर विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित भारतीय वेब ब्राउजर डेवलपमेंट चैलेंज में जोहो कार्पोरेशन के उला को विजेता घोषित किया गया है और इसके लिए जोहो की टीम को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार मिला है। दूसरा पुरुस्कार पिंग को मिला और 75 लाख रुपए की इनामी राशि दी गई। तीसरा पुरस्कार टीम अजना को मिला और उन्हें 50 लाख रुपए इनाम में दिए गए।

## इंडसइंड बैंक में लेखांकन विसंगतियों का पता लगाने पेशेवर कंपनी नियुक्त

नई दिल्ली। इंडसइंड बैंक ने अपनी लेखांकन विसंगतियों का पता लगाने के लिए एक पेशेवर कंपनी को नियुक्त किया है। अनुमान के अनुसार लेखांकन में 2,100 करोड़ रुपये की विसंगति से बैंक की निवल संपत्ति पर 2.35 प्रतिशत का असर पड़ सकता है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में विसंगतियों के मूल कारण की पहचान करने, प्रचलित लेखांकन मानकों के संबंध में व्युत्पन्न अनुबंधों के लेखांकन उपचार की शुद्धता व प्रभाव का आकलन करने के लिए एक व्यापक जांच करने हेतु स्वतंत्र पेशेवर कंपनी को नियुक्त करने का निर्णय लिया। इसके अलावा यह कंपनी किसी भी चूक की पहचान करेगी और लेखांकन में विसंगतियों के संबंध में जवाबदेही सुनिश्चित करेगी। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता ने 10 मार्च को अपने वायदा-विकल्प खंड में कुछ विसंगतियों के बारे में जानकारी दी थी।

## भारत में 2025 में हवाई यात्रियों की संख्या सात प्रतिशत बढ़ेगी

सिंगापुर। अमेरिका की एक एविएशन कंसल्टेंसी के निदेशक ने कहा कि भारत में हवाई यात्रियों की संख्या 2025 में सात प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ने की उम्मीद है। इसे हवाई यात्रा करने वाले बढ़ते मध्यम वर्ग और किफायती हवाई यात्रा से काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह देश, जो एशिया प्रशांत की घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात मांग में लगभग 10 प्रतिशत का योगदान देता है।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने मानकीकरण के लिए वार्षिक कार्यक्रम शुरू किया

- यह पहल मानकीकरण के लिए एक रणनीतिक, आवश्यकता-आधारित दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगी
- महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देगी
- 40 मंत्रालयों और 84 उद्योग संघों के प्रतिनिधि शामिल थे



एजेंसी

नई दिल्ली। देश के सर्वोच्च मानक निकाय भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मानकीकरण का वार्षिक कार्यक्रम (एपीएस) शुरू किया है। यह पहल विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को बढ़ाने के लिए नए मानक तैयार करने और मौजूदा मानकों को संशोधित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एपीएस की शुरूआत 5 से 11 मार्च, 2025 तक आयोजित व्यापक हितधारक परामर्श के बाद हुई है, जिसमें 40 मंत्रालयों और 84 उद्योग संघों के प्रतिनिधि शामिल थे। बीआईएस ने एक डिजिटल प्लेटफॉर्म भी पेश किया है, जो हितधारकों को मानकों का प्रस्ताव करने और उनकी प्रगति पर नजर रखने की अनुमति देता है। इसका उद्देश्य 23,000 से अधिक बीआईएस मानकों को अधिक से अधिक अपनाने में मदद करना है। मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने हितधारकों से मानकीकरण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान देने और जहां जरूरी हो वहां विशेषज्ञों को नामित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह पहल मानकीकरण के लिए एक रणनीतिक, आवश्यकता-आधारित दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगी, महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देगी। बीआईएस मानकीकरण प्रकोष्ठों के माध्यम से मंत्रालयों और उद्योग संघों के साथ मिलकर काम करता है, जिसका उद्देश्य कमियों की पहचान करना और राष्ट्रीय मानकों के निर्माण में भाग लेना है। वर्ष 2025-26 के लिए एपीएस तैयार करने के लिए परामर्श बैठकों से पहले, बीआईएस ने 24 अगस्त से 25 जनवरी तक फोकस समूह बैठकों की एक श्रृंखला के साथ-साथ भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं और मिशनों के विरुद्ध भारतीय मानकों का व्यापक समन्वय अभ्यास किया। एपीएस 2025-26 से प्राथमिकता मानकों के बनाने में उल्लेखनीय वृद्धि होने, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में व्यापक रूप से अपनाने और निर्बाध कार्यान्वयन को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

## जॉन के शानदार कार कलेक्शन में नई महिंद्रा थार रॉक्स शामिल

मुंबई। अपने शानदार कार कलेक्शन में बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने नई महिंद्रा थार रॉक्स को शामिल किया है। उनके लिए विशेष रूप से यह एसयूवी कस्टमाइज की गई है। महिंद्रा के चीफ डिजाइनर प्रताप बोस द्वारा डिजाइन की गई यह एसयूवी दिखने में दमदार और बेहद स्टाइलिश है। हालांकि, इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि जॉन को यह गाड़ी कितने में मिली। महिंद्रा थार रॉक्स का लुक और डिजाइन नॉर्मल मॉडल से अलग है। यह पूरी तरह ब्लैक थीम में तैयार की गई है, जिसमें ब्लैक बैजिंग दी गई है। गाड़ी के सी-पिलर पर जेए (जॉन इब्राहम) सिग्नेचर भी नजर आता है, जो इसे और खास बनाता है। इसके अलावा, फ्रंट फेंडर पर ब्लैक बैजिंग के साथ महिंद्रा थार लिखा गया है। डोर हैंडल, साइड मिरर और 4गुणा4 बैज पर भी ब्लैक फिनिश दी गई है, जिससे इसका लुक और ज्यादा आकर्षक हो गया है। थार रॉक्स में दो इंजन ऑप्शन मिलते हैं। पहला 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन है, जो 162एचपी की पावर और 330एनएम टॉर्क जनरेट करता है। दूसरा 2.2-लीटर डीजल इंजन है, जो 152 एचपी की पावर और 330 एनएम टॉर्क देता है।

# सुपरस्टार महेश बाबू और सितारा ने लांच की रिलायंस ट्रेंड्स का समर-ऑकेजन कलेक्शन




- न्यू टाइम्स. न्यू ट्रेंड्स' कैंपेन की भी शुरूआत
- कलेक्शन में कूल कैजुअल, वॉव वेस्टर्न और पार्टी एथनिक वियर शामिल हैं

एजेंसी

बेंगलुरु। रिलायंस ट्रेंड्स ने अपना नया समर-ऑकिजन वियर कलेक्शन बाजार में उतार दिया है। कंपनी ने सुपरस्टार महेश बाबू और उनकी बेटी सितारा के साथ 'न्यू टाइम्स. न्यू ट्रेंड्स' कैंपेन की शुरूआत भी की है। नया कलेक्शन गर्मियों की छुट्टियों में घूमने- फिरने और ट्रैवल के साथ साथ फैशन की जरूरतों को ध्यान में रख कर लॉन्च किया गया है। कलेक्शन महेश बाबू और उनकी बेटी सितारा की फिल्म के साथ लॉन्च हुआ, जिसमें दोनों स्टार्स को कूल कैजुअल से लेकर वॉव वेस्टर्न और पार्टी एथनिक वियर तक पहने दिखाया गया है। रिलायंस ट्रेंड्स का नया कलेक्शन ग्राहकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाएगा जहां परंपरा और आधुनिकता साथ साथ चलती हैं। कलेक्शन में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ ट्रेंडी डिजाइन और फैशन की अद्भुत झलक मिलती है। वैसे तो यह नया कलेक्शन गर्मियों को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया है परंतु रिलायंस ट्रेंड्स पर पूरे साल और हर अवसर व मौसम के लिए कलेक्शन की एक बड़ी रेंज मिलती है। त्यौहारी पोशाक हो कैजुअल वियर या ट्रेंडी आउटफिट रिलायंस ट्रेंड्स में हर किसी के लिए कुछ न कुछ जरूर है। कंपनी का दावा है कि इस सीजन में रिलायंस ट्रेंड्स ने अपना अब तक का सबसे नया कलेक्शन पेश किया है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने लॉन्च किया नया ईटीएफ

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड ने शुक्रवार को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी ईवी और न्यू एज ऑटोमोटिव ईटीएफ का शुभारंभ कर दिया है। यह एक ओपन एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड है जो निफ्टी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमोटिव इंडेक्स को ट्रैक करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस नए फंड के जरिए निवेशक ईवी सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। संबंधित घोषणा में इस एफएफओ के लॉन्च के साथ, यह बताया गया है कि निवेशक 2 अप्रैल 2025 तक इस न्यू फंड ऑफर में पैसा लगा सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के इस एनएफओ में निवेशक मिनिमम 1,000 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं।

# एयरटेल के सबसे किफायती अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक के साथ दुनिया भर में उठाएं निर्बाध

एजेंसी

नई दिल्ली। एयरटेल के अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक के साथ इस पर्यटन सीजन के दौरान, ग्राहक 180 से अधिक देशों में निर्बाध कनेक्टिविटी का आनंद उठा सकते हैं। ये प्लान ग्राहकों को कनेक्टिविटी संबंधी सभी चिंताओं से मुक्त दुनिया भर में यात्रा करने की आजादी देता है। मात्र 133 रुपये प्रतिदिन से शुरू होने वाले प्लान के साथ, एयरटेल 180 से अधिक देशों में निर्बाध वॉयस और हाई-स्पीड डेटा कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए यात्रियों को किफायती सुविधा प्रदान कर रहा है। एयरटेल के




बेहतर डेटा लाभ, इन-फ़्लाइट कनेक्टिविटी और चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता सुविधाएं, उपयोगकर्ता अनुभव को और भी बेहतर बना देते हैं। सरलता और सुविधा के महत्व को समझते हुए, एयरटेल ने ग्राहकों को अलग-अलग गंतव्यों वाले देशों के लिए कई पैक लेने की आवश्यकता से आजादी दिलाते हुए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। इसके बजाय, यात्री अब अपनी यात्रा की अवधि के आधार पर एक एकल, सर्व-समावेशी पैकेज का चयन कर सकते हैं, जो उन्हें बेजोड़ किफायती दरों पर दुनिया भर में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

# फ्लिपकार्ट देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में ई-कॉमर्स का तेजी से कर रहा है विस्तार



एजेंसी

नई दिल्ली। ऑनलाइन शॉपिंग के लिए प्रमुख भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट अपने प्लेटफॉर्म का विस्तार टियर-1 के साथ ही टियर-2 और टियर-3 शहरों में तेजी के साथ कर रही है, ताकि इस ऐप के जरिए ग्राहक घर बैठकर आराम से अपने मनपसंद भाषा में खरीदारी कर सकेंगे। डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर के साथ अपनी सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) का विस्तार फ्लिपकार्ट ने किया है, जिससे देशभर में तेजी से और अधिक कुशलता से डिलीवरी संभव हुई है। इसके अलावा कंपनी ने विक्रेताओं को और अधिक सहयोग प्रदान करने के लिए फ्लिपकार्ट ने कई सुविधाएं शुरू की हैं। फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड के विस्तार और खरीदारी की जरूरतों को पूरा करने वाले भरोसेमंद ऐप के बारे में ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के बिजनेस हेड साकेत चौधरी ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत की। ऐसे में आइए जानते हैं कि उन्होंने फ्लिपकार्ट की भविष्य की योजना को लेकर क्या-क्या बताया टियर-2 और टियर-3 शहरों में ई-कॉमर्स का विस्तार और इस दिशा में फ्लिपकार्ट की अनूठी पहल क्या है। देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में ई-कॉमर्स कंपनियों का तेजी से हो रहा विस्तार।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि

एजेंसी

रांची। दुनिया जब 'विश्व वन दिवस' और 'विश्व जल दिवस' मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह वैश्विक टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 (टीईसी 2050) को मूर्त रूप देती है। इसमें 'शून्य पर्यावरणीय प्रभाव से आगे बढ़ना और शुद्ध सकारात्मक प्रभाव प्राप्त करना' जैसी छह दूरदर्शी चुनौतियां शामिल हैं। इनमें पानी के उपयोग को न्यूनतम और इष्टतम करना तथा प्रकृति के साथ सद्भाव में भविष्य के समाज की स्थापना भी की जानी है। टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज 2050 की स्थापना 2015



में हुई थी। तबसे टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज कंपनी की निरंतर जारी रहने वाली पहल का मार्गदर्शन करना जारी रखती है। इससे पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में सकारात्मक योगदान संभव हो पाता है, इसके लिए कार्बन उत्सर्जन, संसाधनों की कमी, पानी की कमी और इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जैव विविधता के नुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। टीकेएम की प्रतिबद्धता के केंद्र में 'ग्रह के प्रति सम्मान' का गहन दर्शन निहित है, जो पारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय समुदायों को समृद्ध करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के कंपनी के प्रयासों को प्रेरित करता है। इस दिशा में, पानी को एक अमूल्य और साझा संसाधन के रूप में पहचानते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर अपने प्लांट में पानी के उपयोग को अनुकूलित और सर्वश्रेष्ठ करने के लिए एक समग्र '4आर' रणनीति का पालन करता है। ये हैं रिड्यूस - कम करें, री यूज - पुनः उपयोग करें, रीसाइकिल - रीसाइकिल करें और रीचार्ज करें। उत्पादन के लिए टीकेएम की पानी की कुल आवश्यकता का 89.3% हिस्सा रीसाइकिल किए गए पानी और वर्षा जल संचयन के माध्यम से पूरा किया जाता है। 51,000 क्यूबिक (घन) मीटर की भंडारण क्षमता वाले वर्षा जल संचयन तालाबों और 18 भूजल पुनर्भरण गड्ढों के साथ, टीकेएम अपने परिसर में सालाना भूजल स्तर को लगातार बढ़ाता है।

## वॉरेन बफेट अरबपतियों की सूची में छठे स्थान पर

नई दिल्ली। दुनियाभर के शेयर बाजारों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच मशहूर निवेशक वॉरेन बफेट ने इस साल की शुरूआत से अब तक उन्होंने 22.3 अरब डॉलर की कमाई की है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 164 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। जिससे वह दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। बफेट की यह बढ़त मुख्य रूप से उनकी निवेश कंपनी बर्कशायर हैथवे के शेयरों में आई 16 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण हुई है। इस बीच अन्य शीर्ष अरबपतियों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। बर्कशायर हैथवे ने हाल ही में जापानी कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है, जबकि पिछले साल इसने बैंक ऑफ अमेरिका और एप्पल के अरबों डॉलर के शेयर बेच दिए थे।

# अमेजन फैशन के नेक्स्ट जेन स्टोर से जेन जेड शापर्स में 3 गुना बढ़ोतरी हुई




एजेंसी

रांची। अमेजन फैशन ने एक बड़े ग्रोथ पैटर्न की जानकारी देते हुए नेक्स्ट जेन स्टोर की भारत में फैशन से जुड़ी खपत में तेज बढ़ोतरी प्रदर्शित करने वाली एक बड़ी उपलब्धि का खुलासा किया है। 2023 में जेन जेड के लिए भारत के पहले समर्पित डिजिटल फैशन हब के रूप में लन्च किए गए, अनूठे स्टोर से जेन जेड ग्राहकों में 3 गुनी और टियर-टू शहरों से 4 गुनी से ज्यादा की दमदार बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिससे भारत में सभी के लिए नए-नए ट्रेंड्स उपलब्ध होने का पता चलता है। नेक्स्ट जेन स्टोर ने वैश्विक रुझानों को स्थानीय विशेषताओं के साथ जोड़ने के अपने रणनीतिक ष्टिकोण के माध्यम से बाजार में युवाओं पर केंद्रित फैशन से जुड़ी कमियों को सफलतापूर्वक दूर कर दिया है। अमेजन फैशन एंड ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा हमारे नेक्स्ट जेन स्टोर की शानदार ग्रोथ से भारत के फैशन इकोसिस्टम में एक बुनियादी बदलाव जाहिर होता है। उन्होंने कहा हम इसके जरिये फैशन के एक नए दौर का उदय देख रहे हैं जहां भारत के अलग-अलग इलाकों के जेन जेड उपभोक्ता अनोखे स्टाइल के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को अपना रहे हैं। चंडीगढ़, जयपुर, सूरत और अन्य जैसे टियर-टू शहरों में नेक्स्ट जेन स्टोर की सफलता से यह पता चलता है कि डिजिटल प्लेटफर्म फैशन की पहुंच को नया रूप दे रहे हैं।

## शेयर बाजार बढ़त के साथ हुआ बंद, सेंसेक्स 557 अंक उछला

नई दिल्ली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 557.45 अंक यानी 0.73 फीसदी की उछाल के साथ 76,905.51 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 159.75 अंक यानी 0.69 फीसदी बढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आज ताजा विदेशी फंड प्रवाह और बैंक शेयरों में बढ़त के कारण बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को करीब 1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ शेयर बाजार बंद हुआ।

# वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर लिस्टेरिन ने कंप्लीट द रूटीन के लिए माउथवॉश के महत्व पर दिया जोर

एजेंसी

रांची। दुनिया में 1 माउथवॉश ब्रांड और माउथवॉश उद्योग में अग्रणी, लिस्टेरिन ने वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर आज लिस्टेरिन लैब्स का आयोजन किया। इस इवेंट में प्रतिदिन माउथवॉश की मदद से मुँह को साफ रखने के महत्व पर जोर दिया गया। यहाँ पिछले 145 वर्षों से माउथवॉश के अनुसंधान और विकास में लिस्टेरिन की महत्वपूर्ण विरासत के बारे में भी बताया गया। लिस्टेरिन लैब्स में अनेक इंटरैक्टिव डेमो और वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा ओरल केयर के बारे में बताया गया। यहाँ दिखाया गया कि ब्रश करने के बाद भी आपके मुँह में क्या रह जाता है। एक माउथवॉश कस्टमाइजेशन स्टेशन द्वारा ब्रांड के आधुनिक उत्पादों और इनोवेशंस का प्रदर्शन भी किया गया, जो कीटाणुओं का 99.9% सफाया कर इनेमल को मजबूत बनाते हैं और दांतों को कैविटी एवं प्लाक से बचाते हैं। ये उत्पाद विज्ञान पर आधारित हैं। इस इवेंट में प्रमुख




हेल्थ इन्फ़्लुएंसर्स भी मौजूद थे। कार्यक्रम में एक दिलचस्प पैनल वार्ता का आयोजन भी किया गया, जिसमें इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के सदस्यों में ऑनरेरी सेक्रेटरी जनरल, आईडीए एचओ, डॉ. अशोक ढोबले; ऑनरेरी ट्रेजरर, आईडीए एचओ, डॉ. दीपक मुछाला; जॉइंट सेक्रेटरी, आईडीए एचओ, डॉ. संजय जोशी तथा केनव्यू आरएंडडी टीम ने हिस्सा लिया। इस वार्ता में मुँह की देखभाल के महत्व और उसमें माउथवॉश की भूमिका के बारे में चर्चा की गई।

# शिल्प कौशल के प्रति हमारा ट्रिब्यूट है : गौतम सिंघानिया

एजेंसी

मुंबई। लग्जरी फैशन में भारत के प्रतिष्ठित नाम रेमंड के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, लग्जरी ब्रांड कंसल्टेंट निशा जामवाल द्वारा चेयरमैंस कलेक्शन को पेश करने के लिए एक शानदार शाम का आयोजन किया गया - शर्ट, बंदगला और टक्सीडो का एक विशिष्ट संग्रह को फिर से परिभाषित करता है। शाम का समापन रेमंड की शिल्पकला के प्रति प्रतिबद्धता के प्रति श्रद्धा की भावना के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित लोग विरासत, कलात्मकता और समकालीन परिष्कार का सहज मिश्रण करने वाले संग्रह से मंत्रमुग्ध हो गए। चेयरमैन का संग्रह प्रतिष्ठा और त्रुटिहीन शैली का प्रतीक है और इसे जल्द ही चुनिंदा रेमंड स्टोर्स में लॉन्च किया जाएगा। द एटेलियर



की शानदार पृष्ठभूमि के सामने, विशेष शैम्पेन सनडाउनर ने शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित नामों को विरासत, कलात्मकता और समकालीन परिष्कार के उत्सव में एक साथ लाया। शाम एक शानदार अनुभव था, जिसमें एक आकर्षक बंदगला कला स्थापना शामिल थी, जो इस प्रतिष्ठित सिल्हूट के पीछे स्थायी शिल्प कौशल को श्रद्धांजलि देती थी। भव्यता को बढ़ाते हुए, पाँच मॉडलों ने संग्रह से बेदाग ढंग से तैयार किए गए टुकड़ों में कार्यक्रम स्थल की शोभा बढ़ाई, जिसमें समृद्ध बनावट, जटिल विवरण और परिधान संबंधी उत्कृष्टता शामिल थी जो रेमंड की विरासत को परिभाषित करती है। गौतम सिंघानिया, चेयरमैन, रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड ने कहा, यह रेमंड के लिए एक मील का पत्थर साबित होने वाला साल है और चेयरमैन के कलेक्शन का यह सीमित संस्करण भारत की समृद्ध विरासत और शिल्प कौशल के प्रति हमारा ट्रिब्यूट है। रेशमी शर्ट से लेकर बंदगला तक - इस बेहतरीन स्टाइल वाले कलेक्शन में लालित्य और स्टाइल झलकता है, जो रेमंड की पहचान है। लाखों लोगों द्वारा पसंद किए जाने वाले एक घरेलू भारतीय ब्रांड के रूप में, रेमंड ने सभी अवसरों के लिए अलग-अलग कीमतों पर मेन्सवियर की पेशकश की है। निशा जामवाल, लग्जरी ब्रांड कंसल्टेंट ने कहा, हर पीस की भव्यता और चमक इतनी शानदार थी कि मैं उन्हें शहर के मशहूर लोगों के सामने दिखाने के लिए उत्साहित थी मैं इस कलेक्शन में पूर्णता और कलात्मक उत्कृष्टता के लिए गौतम सिंघानिया के जुनून को देख सकती थी। विरासत और इनोवेशन का एक सहज मिश्रण, चेयरमैन का संग्रह परिष्कृत विलासिता का प्रतीक है।

# आदिवासी महिला सामूहिकता 2025 : पारंपरिक ज्ञान व सशक्तिकरण का उत्सव




एजेंसी

रांची। आदिवासी महिला सामूहिकता, तोरपा ग्रामीण विकास समिति फॉर वीमेन की एक पहल है, जिसे स्थानीय रूप से महिला विकास केंद्र तोरपा के रूप में जाना जाता है। यह आयोजन 23 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह परिवर्तनकारी कार्यक्रम आदिवासी महिला नेताओं, विशेषज्ञों और सामाजिक परिवर्तनकर्ताओं को एक मंच पर लाएगा ताकि वे आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और जमीनी सशक्तिकरण का जश्न मना सकें। यह दिनभर चलने वाला कार्यक्रम मुख्य भाषणों, पैनल चर्चाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विशेषज्ञ वार्ताओं से भरा होगा, जो महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, आजीविका और आदिवासी विरासत के संरक्षण पर केंद्रित होगा। हमारा उद्देश्य आदिवासी समुदाय के छिपे हुए ज्ञान को सामने लाना और भूली-बिसरी परंपराओं और कहानियों को पुनर्जीवित करना है। इस आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गांडेय, झारखंड द्वारा दिया जाने वाला मुख्य भाषण शामिल है, जिसमें वे सामुदायिक विकास में आदिवासी महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालेंगी। आजीविका के अवसरों, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर केंद्रित पैनल चर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी। अनुराधा कंदला, जो कोरापुट, ओडिशा की एक वस्त्र विशेषज्ञ हैं।

## खास खबर

### टीचर पर लगा नाबालिग लड़कों के यौन शोषण का आरोप

**वाशिंगटन** । अमेरिका के इंडियाना में एक चौंकाने वाला मामला आया है, जहां एमिनेंस हाई स्कूल की 31 वर्षीय टीचर ब्रिटनी फोर्टिनबेरी पर नाबालिग लड़कों के यौन शोषण का आरोप लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटनी ने कई लड़कों को नशे और महंगे गिफ्ट्स का लालच देकर अपने जाल में फंसाकर उन्हें जबरन आपत्तिजनक कृत्यों के लिए मजबूर किया। सबसे डरावनी बात यह है कि उसने लड़कों को स्क्रीम हॉरर फिल्म के मशहूर घोस्टफेस मास्क पहनाकर सेक्स करने के लिए कहा। इस घिनौने कांड में 15 से अधिक पीड़ित सामने आए हैं, जिसमें से कुछ की उम्र महज 13 साल है। फोर्टिनबेरी नाबालिग लड़कों को लुभाने के लिए महंगे गिफ्ट्स, फुटबॉल मर्चेंडाइज और शॉपिंग की पेशकश करती थी। एक 13 वर्षीय लड़के ने बताया कि वे अपने दोस्तों के साथ ब्रिटनी के बुलाने पर एक शॉपिंग सेंटर गया, जहां से टीचर ने उन्हें अपने घर बुलाया। पुलिस के मुताबिक, ब्रिटनी ने इन लड़कों के साथ ग्रुप सेक्स करने की शर्त रखी कि सभी को स्क्रीम मास्क पहनना होगा।

### एयरपोर्ट के सब स्टेशन पर लगी आग

लंदन। लंदन के हीथ्री एयरपोर्ट पर 24 घंटे के लिए फ्लाइट ऑपरेशन को रोक दिया है। वहीं, दुनिया का अहम ट्रांजिट हब होने की वजह से हजारों की संख्या में यात्री हीथ्रो एयरपोर्ट पर फंसे गए हैं। किसी को कुछ नहीं पता कि हीथ्रो एयरपोर्ट इस मुसीबत से कब निकलेगा और फ्लाइट कब बहाल होंगी। फिलहाल, हीथ्रो एयरपोर्ट पर फंसे मुसाफिरों का बुरा हाल है। दरअसल, लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर इलेक्ट्रिसिटी सब स्टेशन में आग लग गई जिसकी वजह से एयरपोर्ट की पावर सप्लाई पूरी तरह से बंद है। यह संभावना जताई जा रही है कि देर रात तक पॉवर सप्लाई फिर बहाल कर दिया जाएगा, जिसके बाद एयरपोर्ट से फ्लाइट की आवाजाही शुरू हो सकती है। फिलहाल, पावर आउटरेज की वजह से हीथ्रो एयरपोर्ट पर सभी तरह की कामकाजी गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई हैं।

### अफगानिस्तान में भूकंप का जोरदार झटका

**काबुल**। भारत के पड़ोसी देश अफगानिस्तान में एक बार फिर धरती कांपी है। गुरुवार और शुक्रवार की रात करीब 1 बजे अफगानिस्तान में 4.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, इस भूकंप की गहराई 160 किमी थी। हालाँकि, अब तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन झटके महसूस होते ही लोग डरकर घरों से बाहर निकल आए। देर रात आए भूकंप के कारण अफगानिस्तान के कई हिस्सों में लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार, कम गहराई वाले भूकंप अधिक खतरनाक हो सकते हैं। इन भूकंपों में अधिक ऊर्जा सतह के नजदीक निकलती है, जिससे जमीन तेजी से हिलती है और इमारतों को ज्यादा नुकसान होने की आशंका रहती है। अफगानिस्तान बार-बार भूकंप से प्रभावित होता रहता है क्योंकि यह हिंदूकुश पर्वत श्रृंखला के पास यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव क्षेत्र में स्थित है।

# बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी

**इंफाल**। मणिपुर के विभिन्न जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने व्यापक अभियान चला कर बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया है। मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने आज यह जानकारी दी।



पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, लमसांग थाना क्षेत्र (इंफाल पश्चिम) के अपुनलोक कैनाल (कांगचुप और सिंगदा कडंगबंद के बीच) में तलाशी के दौरान एक एसएलआर रायफल (मैगजीन सहित), एक पिस्तौल (मैगजीन सहित), 10 कारतूस, दो एचई ग्रेनेड (इग्नाइटर सेट के बिना), दो मिलिट्री हेलमेट, दो बुलेटप्रूफ जैकेट, चार स्थानीय निर्मित आयरन बुलेटप्रूफ प्लेट, दो बाओफेंग वायरलेस हैंडसेट (बिना बैटरी) बरामद किए गए। इसके अलावा थौबल जिले के याइरिपोक ग्वारोक क्षेत्र (याइरिपोक थाना) में दो एसएलआर (मैगजीन सहित) और 20 कारतूस (.303 बोर) बरामद किए गए। कांगपोकपी जिले के कांगचुप थाना क्षेत्र के के. गेलजांग और के. पाटबुंग गांव में दो रायफल (7.62 मिमी, मैगजीन सहित), तीन कारतूस (7.62 मिमी), एक रायफल (.303 बोर, मैगजीन सहित), एक स्थानीय निर्मित पिस्तौल (.315 बोर, मैगजीन सहित), एक एयर पिस्तौल (.22 बोर, एक खाली केस के साथ), एक पोम्पी गन, 09 कारतूस (12 बोर), पांच बाओफेंग रेडियो सेट, तीन रेडियो सेट चार्जर बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि जिरीबाम जिले के उचाथोल मयाई लीकाई (जिरीबाम थाना) में तलाशी के दौरान 100 स्टारडाइन-901 विस्फोटक छड़ें (12.5 किलोग्राम), 20 कारतूस (5.56 मिमी) और दो प्लास्टिक बैग मिले है। मौलजॉल और बिन्सेलू रबर प्लांटेशन क्षेत्र (जिरीबाम जिला) में पांच देसी सिंगल बैरल गन, एक देसी 12 बोर गन, एक देसी पिस्तौल, दो पोम्पी गन, छह पोम्पी बम, एक आईईडी (रिमोट और इलेक्ट्रिकली इनिशिएटेड) और दो जिलेटिन स्टिक बरामद की गईं।

## एसडीपीआई के 3 पदाधिकारियों के घरों पर छापेमारी, वाहिद रहमान गिरफ्तार

एजेंसी

**कोयंबटूर**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले के मेट्टुपालयम में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के 3 पदाधिकारियों के घरों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को गैरकानूनी धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के आरोप में गिरफ्तार किया है। छापेमारी गुरुवार सुबह 9 बजे शुरू हुई और रात 9 बजे तक चली। ईडी अधिकारियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सुरक्षा में इसी ऑपरेशन चलाया। मेट्टुपालयम निवासी एसडीपीआई के पदाधिकारियों राजिक, रीला और वाहिद रहमान के घरों पर यह कार्रवाई हुई। ईडी के तीन अलग-अलग दलों ने तलाशी ली, जिसमें प्रत्येक दल में चार से पांच अधिकारी शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी गैरकानूनी धन हस्तांतरण से जुड़े एक मामले की जांच के तहत की गई। जैसे ही छापेमारी की खबर फैलने पर एसडीपीआई के कार्यकर्ता और पदाधिकारी रहमान के घर के सामने जमा हो गए। उन्होंने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की और एक तंबू लगाकर विरोध जताया। कार्यकताओं ने केंद्र और ईडी पर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया। ईडी ने राजिक और रीला के घरों और उनकी दुकानों की तलाशी ली। वहीं, रहमान के घर की भी तलाशी ली गई। अधिकारियों ने वाहिद के घर से कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए। इसके आधार पर रहमान को गैरकानूनी धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें ईडी अधिकारी अपने साथ ले गए।

# रूस के परमाणु एयरबेस पर यूक्रेन ने किया बड़ा हमला

▸ हमले की चपेट में आए परमाणु बमवर्षक विमान

एजेंसी

**मास्को**। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में एक बड़ा मोड़ आ गया है। यूक्रेनी सेना ने रूस के एंगेल्स एयरबेस पर हमला कर उसे बुरी तरह तबाह कर दिया। यह वही एयरबेस है, जहां से रूस के परमाणु हमले के लिए तैयार किए गए बमवर्षक विमान संचालित होते थे। इस हमले को यूक्रेन का अब तक का सबसे घातक हमला बताया जा रहा है। रूसी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोवियत युग के एंगेल्स एयरबेस पर हुए इस हमले के बाद धमाकों की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। बताया जा रहा है कि हमला इतना जबरदस्त था कि वहां मौजूद टुपोलेव



टीयू-160 परमाणु बमवर्षक विमान भी इसकी चपेट में आ गए। इन विमानों को व्हाइट स्वान के नाम से भी जाना जाता है। हमले का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें देखा जा सकता है कि धमाकों के बाद आसमान में आग के ऊंचे गुबार उठे और चारों ओर तबाही का मंजर नजर आया। इस हमले में 10 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है, जबकि रूस ने अभी तक हताहतों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने इस हमले की पुष्टि की और कहा, कि उसकी फोर्स ने रूस के कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया है। मंत्रालय ने कहा, हमारी एयरस्ट्राइक में रूस के सामरिक बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचा है। दूसरी ओर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायुसेना ने इस हमले का जवाब देते हुए 132 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए हैं। रूस ने यह भी कहा कि वह इस हमले का बदला लेने के लिए सख्त कदम उठाएगा।यह हमला ऐसे समय में हुआ जबकि हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 30 दिन के बिना शर्त युद्धविराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूरोपीय यूनियन के नेताओं से वीडियो कॉल पर बातचीत करते हुए कहा कि हमें तुरंत 4.18 बिलियन पाउंड के तोपों के गोले चाहिए। इसी के साथ जेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं से आग्रह किया है कि रूस पर दबाव कम न किया जाए और प्रतिबंधों को जारी रखा जाए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भी बातचीत की और यूरोपीय यूनियन से पूर्ण युद्धविराम के लिए समर्थन मांगा।

## विमान में यात्री की तबीयत बिगड़ी, मौत

**लखनऊ**। एयर इंडिया की दिल्ली से सुबह लखनऊ पहुंची फ्लाइट आई 2485 में एक यात्री की तबीयत खराब हो गई यात्री बेहोश था और उसने अपनी सीट बेल्ट तक नहीं खोली थी। यात्री की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक यात्री को दिल का दौरा पड़ा था लेकिन फ्लाइट उतरते समय यह घटना हुई जिससे किसी का ध्यान उसे पर नहीं गया। फ्लाइट सुबह 8:10 बजे दिल्ली से लखनऊ पहुंची थी। मृतक यात्री की पहचान आसिफ उद्दौला अंसारी के रूप में हुई है। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक यात्री की तबीयत बिगड़ गई थी जिसकी सूचना फ्लाइट के क्रूर सदस्यों ने दी। इसके बाद तुरंत सीपीआर और अन्य प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद यात्री को लाइव सपोर्ट एंबुलेंस से रवाना किया गया।

## ट्रंप ने किया शिक्षा विभाग बंद, डेमोक्रेट्स और शिक्षाविदों ने की आलोचना

एजेंसी



**वाशिंगटन**। ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका में शिक्षा विभाग पर ताला लग गया है। ट्रंप ने गुरुवार को शिक्षा विभाग को खत्म करने के उद्देश्य से एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। यह अमेरिकी दक्षिणपंथियों का दशकों पुराना लक्ष्य रहा है। वह चाहते हैं कि अलग-अलग राज्य संघीय सरकार से मुक्त होकर खुद स्कूलों का संचालन करें। व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में डेस्क पर बैठे स्कूली बच्चों से घिरे ट्रंप एक खास समारोह में हस्ताक्षर करने के बाद आदेश दिखाते हुए मुस्कुरा रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह आदेश संघीय शिक्षा विभाग को हमेशा के लिए खत्म करने की शुरूआत करेगा। हम इसे बंद करने जा रहे हैं और जितनी जल्दी हो सके इसे बंद कर देंगे। हम शिक्षा को वापस राज्यों को सौंपने जा रहे हैं, जहां यह होना चाहिए। यह भी सच है कि 1979 में बनाए गए अमेरिकी शिक्षा विभाग को कांग्रेस की मंजूरी के बिना बंद नहीं किया जा सकता है, लेकिन ट्रंप के आदेश में इसे फंड और स्टाफ से वंचित करने की शक्ति होने की संभावना है। यह कदम ट्रंप के एक चुनावी वादे को पूरा करता है। यह सरकार के क्रूर बदलाव के अब तक के सबसे कठोर कदमों में से एक है जिसे ट्रंप एलन मस्क की मदद से अंजाम दे रहे हैं।

## पाकिस्तान को जानकारियां साझा करने के आरोप में इंजीनियर गिरफ्तार

एजेंसी

**बेंगलुरु**। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के एक इंजीनियर को पाकिस्तान में अपने आकाओं से संवेदनशील जानकारियां साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसमें संचार और रडार प्रणालियों से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं। कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि बीईएल कर्मी ने महत्वपूर्ण फैसलों और यहां निर्मित उत्पादों के बारे में जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में दीपराज चंद्रा (36) वरिष्ठ इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। खुफिया अधिकारियों और सैन्य खुफिया अधिकारियों ने उसे पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में रहने के कारण हिरासत में लिया है। उसने अत्यधिक गोपनीय जानकारी पाकिस्तान को भेजी थी। मंत्री ने बताया कि यूपी का रहने वाला दीपराज चंद्रा से कई जानकारियां जुटाई गई हैं। उन्होंने कहा कि वह देशद्रोह में शामिल था। उसने देश द्वारा निर्मित उपकरणों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी और निर्णय साझा किए थे। सैन्य खुफिया विभाग आगे की कार्रवाई कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक दीपराज चंद्रा गाजियाबाद (यूपी) का रहने वाला है और बीईएल की शोध टीम में कार्यरत था।

## रिश्वत लेते उपनिरीक्षक गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। सीबीआई ने नवी मुंबई के एक टूर ऑपरेटर के जरिये ढाई लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली के रोहिणी स्थित साइबर पुलिस थाने में तैनात राहुल मलिक को गिरफ्तार किया है। राहुल मलिक पर आरोप है कि उसने व्यापारी से 14 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिनमें से ढाई लाख रुपए की पहली किस्त मुंबई, तमिलनाडु के ईरोड और दिल्ली के हवाला ऑपरेटरों के जरिए हासिल की। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि निजी कंपनी से संबंधित मामला दिल्ली के रोहिणी स्थित साइबर पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के तहत जांच के दायरे में था।

# सीआईएसएफ साइक्लोनथान साइकिललिस्ट का गेटवेऑफ ऑफ इंडिया पर कई दिग्गज हस्तियों ने किया स्वागत

▸ सुनील गावस्कर, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ,बोमन ईरानी सहित कई हस्तियां शामिल

एजेंसी



**मुम्बई** । सीआईएसएफ साइक्लोनथान साइकिललिस्ट रैली का गेटवेऑफ ऑफ इंडिया पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया, स्वागत के लिए कई दिग्गज हस्तियां गेटवेऑफ ऑफ इंडिया पर मौजूद रही जिसमें क्रिकेट लीजेंड सुनील गावस्कर, फिल्म स्टार सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, संजय भाटिया उप लोकायुक्त महाराष्ट्र,पूर्व हॉकी लीजेंड रंजन नेगी,लंबी दूरी की धाविका ललिता बावर एवं एडीजी साउथ सुधीर कुमार ने ना सिर्फ साइकिललिस्ट का भव्य स्वागत क्या बल्कि आपके शब्दों में सीआईएसएफ के इस पहल तह दिल से तारीफ की इस मौके पर कई हस्तियां ने इस अपने अलग अलग विचार रखे इस मौके हजारों लोग वहां मौजूद रहे और हौसला अफजाई करते नजर आए इस मौके सीआईएसएफ फिर दोहराया कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं है यह प्रत्येक भारतीय के लिए हमारे तटो की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु एक आह्वान हैं और सीआईएसएफ इसके लिए प्रतिबद्ध हैं,6553 किलोमीटर की इस यात्रा का अगला पड़ाव 23 मार्च को गोवा में है जोकि 1 अप्रैल को कन्याकुमारी में खत्म होगी।

# आंतरिक सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख को नेतन्याहू ने हटाया

एजेंसी

**तेलअवीव** । हमास के खिलाफ जारी युद्ध के बीच इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन-?याहू ने एक ऐसा कदम उठाया, जिसके बाद देश की राजनीति में उबाल ला दिया है। विपक्ष अब हाथ धोकर-नेतन-?याहू के पीछे पड़ गया है। अटार्नी जनरल ने भी सरकार के फैसले पर आपत्ति जाहिर की है। दरअसल, प्रधानमंत्री नेतन-?याहू की कैबिनेट ने देश की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार को हटाने का सर्वसम्मति से फैसला किया। यह फैसला तब लिया गया है जब इजरायल कई दुश्मनों से युद्ध की स्थिति में है। विपक्षी दलों ने फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शिन बेट को



इजरायल में आधिकारिक रूप से शाबाक भी कहा जाता है। यह इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी है, जो देश में आतंकवाद, जासूसी और संगठित अपराध से निपटने के लिए ज़िम्मेदार है। इसकी स्थापना 1948 में हुई थी और यह सीधे प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करती है। शिन बेट मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों में काम करता है। इसका मकसद आतंकवाद-रोधी अभियान, घरेलू सुरक्षा और काउंटर-इंटेलिजेंस पर फोकस करना है। शिन बेट का मुख्यालय राजधानी तेल अवीव में है। यह विशेष रूप से फिलिस्तीनी आतंकवादियों और अन्य सुरक्षा खतरों पर नजर रखता है। इसकी गोपनीय रणनीतियाँ और उच्च तकनीकी क्षमताएँ इसे दुनिया की सबसे प्रभावी सुरक्षा एजेंसी बनाती हैं। विपक्षी नेता अविग्दोर लिबरमैन ने इजरायल सरकार के फैसले का विरोध कर कहा कि नेतन्याहू वहीं कर रहे हैं जो हमारे दुश्मन चाहते हैं। आरोप लगाया कि नेतन्याहू को 7 अक्टूबर 2023 को हमास आतंकी संगठन द्वारा किए गए हमले की ज़िम्मेदारी लेकर खुद इस्तीफा देना चाहिए था। लेकिन उन-?होंने ठीकरा सुरक्षा प्रमुख को हटाते हुए फोड़ा है।

## सड़क हादसे दो महिलाओं सहित बच्चे की मौत

**कोटपूतली** । राजधानी दिल्ली से खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। कोटपूतली में एक तेज रफ्तार ट्रॉले ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो महिलाओं और एक मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) पर मोरदा पुलिया के पास सुबह 6 बजे हुआ। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां चार की गंभीर हालत देखकर उन्हें जयपुर रेफर किया गया।

## इबोला वायरस के इलाज के लिए ओबेल्डेसिविर नामक एंटीवायरल दवा का परीक्षण बंदरों पर हुआ सफल

एजेंसी

**वाशिंगटन**। अमेरिकी शोधकताओं की टीम ने यह अध्ययन साइंस पत्रिका में प्रकाशित किया। उन्होंने इबोला वायरस के इलाज के लिए ओबेल्डेसिविर नामक एंटीवायरल दवा का परीक्षण किया। यह दवा रेमडेसिविर का ओरल फॉर्म है, इस दवा को पहले कोविड-19 के इलाज के लिए विकसित किया गया था। शोधकताओं ने रहसस और साइनोमोलगस मैकाक प्रजाति के बंदरों को इबोला वायरस के मैकोना वेरिएंट की उच्च मात्रा से संक्रमित किया। इसके बाद 10 बंदरों को रोजाना ओबेल्डेसिविर की गोली दी गई, जबकि तीन बंदरों को कोई



उपचार नहीं दिया गया और वे सभी मर गए। हालांकि अध्ययन में कम संख्या में बंदरों का इस्तेमाल हुआ था, लेकिन शोधकताओं के अनुसार इसके आंकड़े काफी प्रभावी हैं। इस परीक्षण में बंदरों को इंसानों के लिए घातक मानी जाने वाली खुराक से 30,000 गुना अधिक वायरस दिया गया था, फिर भी गोली ने उन्हें बचा लिया। अन्य एंटीबॉडी उपचार केवल जैरे स्ट्रेन पर असर दिखाते हैं, लेकिन ओबेल्डेसिविर का प्रभाव कई तरह के इबोला वायरस पर देखा गया है। यह इसका सबसे बड़ा फायदा है। अध्ययन में कहा गया कि यह दवा रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करने में मदद कर सकती है और साथ ही शरीर में होने वाली गंभीर सूजन को रोकने में भी सक्षम है।

# चीन अंतरिक्ष में कर रहा जंग की तैयारी, अमेरिका ड्रैगन की हरकत पर रख रहा नजर

एजेंसी

**वॉशिंगटन**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन की जंग को खत्म कराने की कोशिश में लगे हैं, उधर चीन अंतरिक्ष में नई जंग की तैयारी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी स्पेस फोर्स ने कहा है कि दुश्मन देश अपनी स्पेस वॉर ताकत बढ़ा रहा है। चीन ने सैटेलाइट मूवमेंट्स को सबके सामने पेश किया है। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि अमेरिकी स्पेस फोर्स एक मिलिट्री विंग है जो अंतरिक्ष में अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए सेना को संगठित, प्रशिक्षित और तैयार करने की जिम्मेदारी निभाती है। इसे 2019 में डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले



कार्यकाल के दौरान स्थापित किया था, ताकि चीन और रूस जैसे विरोधियों से अंतरिक्ष-आधारित खतरों का मुकाबला किया जा सके।एक कार्यक्रम में अमेरिकी स्पेस फोर्स के जनरल ने खुलासा किया कि पांच चीनी सैटेलाइट्स के मूवमेंट्स ने एडवांस मिलिट्री टैकटिक्स का संकेत दिया है। उन्होंने इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से बताया कि कई वस्तुएं एक-दूसरे के चारों ओर कंट्रोल और मिलेजुले पैटर्न में घूम रही थीं। यह गतिविधि सैटेलाइट्स के बीच ऑर्बिट कॉम्बैट प्रैक्टिस की अगुवाई करती है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में पांच अलग-अलग वस्तुएं एक-दूसरे के चारों ओर समन्वय और नियंत्रण में घूम रही हैं। इसे हम अंतरिक्ष में डॉगफाइटिंग कहते हैं। वे एक सैटेलाइट से दूसरे सैटेलाइट पर ऑन-ऑर्बिट स्पेस ऑपरेशंस के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं का अभ्यास कर रहे हैं। स्पेस फोर्स के प्रवक्ता ने चीन की भागीदारी की पुष्टि की, जिसमें 2024 में निचली पृथ्वी कक्षा में शियान-24सी और शिजियान-6 05ए/बी उपग्रहों के ऑपरेशन के बारे में बताया गया है। अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट ने चेतावनी दी है कि चीन और रूस अपनी अंतरिक्ष ताकतों में इजाफा कर रहे हैं। पहले भी उपग्रह एक-दूसरे के करीब आ चुके हैं, लेकिन एक साथ कई उपग्रहों का तालमेल करना एक बड़ा कदम है। रिपोर्टों के मुताबिक चीनी उपग्रह भूस्थिर कक्षा में अमेरिकी संपत्तियों की निगरानी कर रहे हैं। तकनीकी लाभों के कम होने के साथ-साथ स्पेस फोर्स के अनुकूलन की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है।

## अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की कोई योजना नहीं : यूनुस

एजेंसी



**ढाका**। बांग्लादेश में बीते साल सत्ता में हुई उथल-पुथल के बाद स्थिति अब भी संभली नहीं है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के पास अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार पर कोई जवाब नहीं है। बीते महीने सेना ने सरकार को चेताया था कि यही हाल रहा तो सेना देश की कमान अपने हाथ में ले लेगी। वहीं पूर्व पीएम शेख हसीना की भारत से वापसी के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे बांग्लादेश को इस महीने भारत ने बड़ा झटका दिया।

शेख हसीना पर चल रहे कई आपराधिक मुकदमों के बीच शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को बैन करने की खबरें भी आई थीं। हालांकि अब मोहम्मद यूनुस के सुर बदले हुए हैं। यूनुस की प्रेस विंग ने एक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की कोई योजना नहीं है। हालांकि सरकार ने यह भी कहा है कि पार्टी के लोगों पर हत्या और मानवता के खिलाफ चले रहे मुकदमे जारी रहेंगे। यूनुस ने पुष्टि की है कि सरकार ने चुनावों के लिए दो संभावित समय सीमाएं निर्धारित की हैं और देश में इसी साल चुनाव कराए जाएंगे।

## खास खबर

### बीसीसीआई ने नये अंपायरों को दिया अवसर

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के नए सत्र के लिए अंपायरिंग पैनल घोषित कर दिया है। इस बार बोर्ड ने सात नए अंपायरों को स्वरूपानंद कन्नूर, अभिजीत भट्टाचार्य, पाराशर जोशी, अनीश सहस्त्रबुद्धे, केयुर केलकर, कौशिक गांधी और अभिजीत बेंगरी को अवसर दिया है। वहीं अनुभवी अंपायर एस रवि और सीके नंदन मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे। आईपीएल का पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में केकेआर और आरसीबी के बीच होगा।
बीसीसीआई ने नए अंपायरों को अवसर इसलिए दिया है जिससे कि उन्हें दवाब वाले मैचों का अनुभव मिले। अंपायरों में शामिल कौशिक गांधी तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर हैं। कौशिक ने 34 फर्स्ट क्लास मैच भी खेले हैं। अंपायर के तौर पर ये उनका यह दूसरा ही सत्र है। अभी तक कौशिक ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों और महिला प्रीमियर लीग में अंपायरिंग की है। अंतर्राष्ट्रीय अंपायरों में इस बार श्रीलंका के कुमार धर्मसेना आईपीएल नजर नहीं आएंगे। इसके अलावा आईपीएल 2024 में अंपायरिंग करने वाले अनिल चौधरी भी इस बार नहीं दिखेंगे।

### इस सीजन हमारे पास अच्छे अवसर : वरुण चक्रवर्ती

**कोलकाता।** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है, जहां वे रोमांचक ओपनिंग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का सामना करेंगे। पिछ्ले सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए केकेआर ने निर्विवाद रूप से चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। अब टीम अपने विजयी अभियान को इस सीजन में भी जारी रखना चाहेगी। इस अहम मुकाबले से पहले केकेआर के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने टीम की तैयारियों और अपनी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। वरुण चक्रवर्ती ने फ्रैंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा कि आरसीबी के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा अच्छा रहा है, लेकिन इसके पीछे कोई विशेष कारण नहीं है। उन्होंने कहा, ॰ऐसा कुछ विशेष नहीं है, बल्कि उन मैचों की परिस्थितियों और हालात ने मेरी मदद की। उन सभी मैचों में हालात हमारे पक्ष में थे, जिससे मुझे सर्वश्रेष्ठ परिणाम निकालने का मौका मिला।

### शाकिब को खेलने की मिली अनुमति

**ढाका।** बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन अब फिर मैदान पर वापसी कर सकेंगें। शाकिब के गेंदबाजी एक्शन को जांच में सही करार दिया गया है। ऐसे में अब वह एकदिवसीय के साथ ही विश्व भर की सभी लीग में खेल सकते हैं। इस क्रिकेटर ने टेस्ट और टी20 प्रारूप से पहले ही संन्यास ले लिय था। शाकिब ने कहा, ह्य मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई है। उन्होंने अंतिम बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में इंग्लिश काउंटी सर्रे के लिए खेलते हुए उनके एक्शन की शिकायत हुई थी और उसे अवैध माना गया था।

# जर्मनी ने क्वार्टरफाइनल में इटली को दी मात

एजेंसी

**रोम।** जर्मनी ने यूईएफए नेशंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में इटली को 2-1 से हराकर शानदार वापसी की। दोनों टीमें कई अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से जूझ रही थीं। इटली को सीरी ए के शीर्ष स्कोरर माटेओ रेतेगुई, फेडेरिको दिमार्को और एंड्रिया कंबियासो की सेवाएं नहीं मिल पाईं, जबकि जर्मनी को मार्क-आंद्रे टेर स्टेगेन, काई हैवट्र्ज और फ्लोरियन वीर्ट्ज के बिना खेलना पड़ा। मैच के नौवें मिनट में इटली ने बढ़त बना ली जब निकोलो बरेला के शानदार पास पर माटेओ पोलिटानो ने गेंद को खींचा और सैंड्रो टोनाली ने उसे गोल में बदल दिया। हालांकि, जर्मनी ने अधिक समय तक बॉल पजेशन रखा, लेकिन इटली ने गोल के कई मौके बनाए। 30वें मिनट में टोनाली के जबरदस्त शॉट को गोलकीपर ओलिवर बॉमन ने बचाया। कुछ देर बाद मोइसे कीन ने ऑफसाइड ट्रैप तोड़ा, लेकिन बॉमन ने फिर से उनका शॉट रोक लिया। दूसरे हाफ की शुरूआत में ही जर्मनी ने बराबरी कर ली जब जोशुआ किमिच ने एक बेहतरीन क्रॉस देकर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी टिम क्लाईंडिएंस्ट को हेडर के जरिए गोल करने का मौका दिया।



इसके बाद इटली को लगातार दो मौके मिले, लेकिन टोनाली की बैकहील पास पर कीन गेंद को गोल के ऊपर मार बैठे, जबकि रास्पाडोरी के शॉट को बॉमन ने अपने पैर से रोक लिया।
76वें मिनट में जर्मनी ने मैच पलट दिया जब किमिच के कॉर्नर पर लियोन गोरेट्ज़का ने एक और हेडर से गोल दाग दिया। इटली ने हार टालने के लिए भरपूर कोशिश की, लेकिन बॉमन की शानदार गोलकीपिंग ने जर्मनी को जीत दिलाई। अब जर्मनी रविवार को डॉर्टमुंड में होने वाले दूसरे चरण में इटली की मेजबानी करेगा।

## किर्स्टी कोवेन्ट्री बनीं आईओसी की पहली महिला और अफ्रीकी अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ज़िम्बाब्वे की किर्स्टी कोवेन्ट्री को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नई अध्यक्ष चुना गया है। वह 131 साल के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी बनी हैं। साथ ही, वह इस पद को संभालने वाली सबसे युवा उम्मीदवार भी हैं। 41 वर्षीय कोवेन्ट्री, जो पहले ज़िम्बाब्वे की खेल मंत्री रह चुकी हैं, 23 जून को आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगी। वह थॉमस बाख का स्थान लेंगी, जिन्होंने अपने अधिकतम 12 साल के कार्यकाल को पूरा किया है। कोवेन्ट्री पहले भी आईओसी में एक अहम भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने 2018 से 2021 तक बाख के नेतृत्व वाली कार्यकारी बोर्ड में एथलीट प्रतिनिधि के रूप में सेवा दी थी। उनकी



नियुक्ति ओलंपिक आंदोलन के लिए एक बड़ा बदलाव है। उन्हें आगामी आठ वर्षों के लिए यह ज़िम्मेदारी दी गई है। उनके सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं, जैसे खेल और वैश्विक राजनीति के बीच संतुलन बनाना, 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक की तैयारी को सुचारू रखना और 2036 ओलंपिक के मेजबान शहर का चयन करना। भारत और मध्य पूर्व इस मेजबानी की दौड़ में प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं।

## चीन की टीम विश्व कप क्वालीफायर में सऊदी अरब से हारी

एजेंसी

**रियाद।** फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग मुकाबले में चीन को गुरुवार को सऊदी अरब के खिलाफ 1-0 की संकीर्ण हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह एशियाई जोन के ग्रुप उ में तालिका के निचले पायदान पर बनी हुई है। मुकाबले का निर्णायक क्षण दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में आया, जब सऊदी अरब के मिडफील्डर सलेम अल दौसारी ने पास से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह गोल तब हुआ जब चीनी गोलकीपर वांग दालेई ने पहले एक तेज शॉट को रोकने की कोशिश की, लेकिन रीबाउंड पर अल दौसारी ने मौका भुनाया।



चीन की मुश्किलें पहले हाफ के अंत में तब बढ़ गईं, जब लिन लिआंगमिंग को सऊदी डिफेंडर हसन कदीश के चेहरे पर खतरनाक किक मारने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। इस घटना के बाद खेल को लंबी देर तक रोका गया, क्योंकि कदीश को इलाज के लिए मैदान से स्ट्रेचर पर बाहर ले जाना पड़ा। भले ही सऊदी अरब ने मुकाबले में ज्यादा समय तक गेंद अपने पास रखी, लेकिन वह अपने मौकों को भुना नहीं सकी। पहले हाफ में फैसल अल घामदी के एक गोल को वीएआर हैंडबॉल के चलते अमान्य कर दिया, जिससे मेजबानों की निराशा और बढ़ गई।सात मैचों के बाद चीन सिर्फ छह अंकों के साथ ग्रुप सी में सबसे नीचे बनी हुई है। अब उसका अगला मुकाबला मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा, जहां वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेगी।

## आईपीएल कार्यक्रम में बदलाव, 6 अप्रैल का मैच कोलकाता की जगह गुवाहाटी में होगा

एजेंसी

**कोलकाता ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कार्यक्रम में बदलाव किया है। आईपीएल सत्र शनिवार 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है जो 25 मई तक चलेगा। इसका एक मैच 6 अप्रैल को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना है जो अब सुरक्षा कारणों से गुवाहाटी में होगा।



पिछ्ली बार की तरह इस सत्र में भी 10 टीमें भाग लेंगी। इन टीमों के बीच 65 दिनों में कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। यह सभी मुकाबले 13 स्थलों पर खेले जाएंगे। 62 मुकाबले शाम के समय ही खेले जाएंगे जबकि 12 मैच दोपहर में खेले जाएंगे। दोपहर के मुकाबले 3.30 बजे से खेले जाएंगे. जबकि शाम के मुकाबले 7.30 बजे से शुरू होंगे। इस बार आईपीएल 2025 सत्र में कुल 12 डबल हेडर मुकाबले (एक ही दिन में) दो मुकाबले खेले जाएंगे। यह सभी मुकाबले शनिवार और रविवार को खेले जाएंगे।

## इंडियन ओपन अंडर 18 जेवलिन थ्रो में सविता मुर्मू को कांस्य पदक

एजेंसी

**रांची ।** भारतीय एथलेटिक संघ ,नई दिल्ली एवम रिलायंस फाउंडेशन द्वारा जियो इंस्टिट्यूट, यूलवे ,नवी मुंबई में 20 से 21 मार्च तक संपन्न 4थीं इंडियन ओपन जेवलिन थ्रो अंडर 18 आयु वर्ग प्रतियोगिता में जामताड़ा की सविता मुर्मू ने 40.47 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक राजस्थान की नीलम चौधरी 46.00 मीटर एवं मध्यप्रदेश की शिवानी पटेल ने 40.59 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं साहेबगंज के विवेक यादव बालक अंडर 18 जेवलिन थ्रो में चौथे स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर झारखंड



एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयर मैन डॉ मधुकांत पाठक, जे. ए. अध्यक्ष सी. डी.सिंह, सचिव एस. के. पांडेय , सरोज कुमार, मनीष दुबे, छोटेलाल कामत, राजीव रंजन मिश्रा, रजनीश प्रसाद, राजीव साव समेत संघ के पदाधिकारियों ने सविता मुर्मू बधाई दी।

## सिराज आरसीबी छोड़कर भावुक हुए

**नई दिल्ली।** पिछ्ले सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस बार आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे। सिराज को नीलामी में गुजरात ने के12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सिराज ने कहा, ह्यनए सत्र से पहले गुजरात की टीम से जुड़कर अच्छा लग रहा है पर आरसीबी को छोड़ना भी मेरे लिए आसान नहीं है क्योंकि उसमे विराट भाई ने मुश्किल समय में मेरा बहुत साथ दिया था। सिराज जब सनराइजर्स हैदराबाद छोड़कर आरसीबी से जुड़े थे तो तब कप्तान रहे विराट ने उनका काफी साथ दिया था। सिराज ने कहा, अगर आप गुजरात के कप्तान शुभमन गिल की बात करते हैं तो वह गेंदबाजों का कप्तान है। वह कभी आपको कुछ नया करने या अपनी रणनीति लागू करने से नहीं रोकता है।

## सिमडेगा, खूंटी और पलामू की टीम सेमीफाइनल में







### हजारीबाग जूनियर में और रांची की टीम सब जूनियर के सेमीफाइनल में

### झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग

एजेंसी

**रांची।** भारतीय खेल प्राधिकरण (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) एवम हॉकी इंडिया के सहयोग से 17 से 24 मार्च 2025 तक हॉकी झारखंड के द्वारा रांची में आयोजित झारखंड अस्मिता हॉकी लीग 2025 सब जूनियर और जूनियर महिला का आज पांचवे दिन दोनो वर्गों का क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए है। जूनियर वर्ग में हॉकी हजारीबाग ने हॉकी पश्चिमी सिंहभूम को 8-0से , हॉकी सिमडेगा ने हॉकी रांची को 06=00 से , हॉकी खूंटी ने हॉकी गुमला को 3-0 २१ और हॉकी पलामू ने हॉकी बोकारो को 2-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश की। जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मेंसिमडेगा,खूंटी,हजारीबाग और पलामू की टीम सेमीफाइनल के प्रवेश की।
सब जूनियर वर्ग के क्वार्टर फाइनल में सिमडेगा ने हजारीबाग को 4-0 से, खूंटी ने गुमला को 3-1 से, रांची ने पश्चिमी सिंहभूम को 14-00 से और पलामू ने बोकारो को 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश की। सब जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल में सिमडेगा,खूंटी, पलामू और रांची की टीम प्रवेश की। दोनो व्रगो का सेमीफाइनल मैच 23 मार्च को खेले जाएंगे। इससे पूर्व आज हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, सीईओ रजनीस कुमार, हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेट्टा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर पांचवे दिन खेले गए विभिन्न क्वार्टर फाइनल मैच का प्रारंभ कराया।

## ऋषभ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें : रैना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल से ठीक लखनऊ सुपर जायंट्स के नये कप्तान ऋषभ पंत को सलाह दी है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें। रैना का मानना है कि इससे ऋषभ को बेहतर तरीके से पारी समाप्त करने का अवसर मिलेगा। रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि यह सत्र ऋषभ के लिए काफी अहम होगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन कर वह छोटे प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपनी दावेदारी मजबूत करना चाहेंगे। रैना ने कहा कि अगर आप उनकी कप्तानी देखेंगे, तो वह काफी



खुशमिजाज और काफी इनोवेटिव हैं। उनमें वह शांति और चतुर नेतृत्व क्षमता जो कप्तानी के लिए जरुरी है। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह तीसरे नंबर पर खेलें। लेकिन उनकी टीम को देखें, उनके पास निकोलस पूरन, डेविड मिलर और एडेन मार्करम हैं जैसे बल्लेबाज है। ऐसे में मुझे लगता है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, क्योंकि तब उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप में काफी गहराई होगी। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें, क्योंकि तब शायद वह टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभा सकेंगे।
इस क्रिकेटर को पिछले साल की मेगा नीलामी में लखनऊ ने रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पहले 43 मैचों में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी। रैना को यह भी लगता है कि उनके लिए राह आसान नहीं है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव, अवेश खान, आकाश दीप और मोहसिन खान अभी तक फिट नहीं हुए हैं। पास हालांकि रवि बिश्नोई जैसा अच्छा स्पिनर है।

## राष्ट्रीय सीनियर वुडबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड की टीम रवाना



**रांची ।** झारखंड की टीम रांची से नागपुर के लिए रवाना हुई। 22 से 26 मार्च तक नागपुर में राष्ट्रीय सीनियर वुडबॉल चैंपियनशिप आयोजित होगी। सीनियर राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप तथा जूनियर राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी। झारखंड से 30 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जो ड्रेस कोड ट्रैकसूट का वितरण संतोष कुमार तथा सबलू मुंडा के द्वारा किया गया। स्पॉन्सर के रूप में संतोष कुमार तथा सबलू मुंडा थे।

# हॉकी खिलाड़ी दीपिका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ने को तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल ही में हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला-अंडर 21) से सम्मानित भारतीय महिला हॉकी की उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दीपिका अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।
हॉकी इंडिया के मुताबिक हरियाणा के हिसार से ताल्लुक रखने वाली 21 वर्षीय दीपिका को इस पुरस्कार के तहत 10 लाख रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई। गोल करने की बेहतरीन क्षमता रखने वाली इस युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर की। दीपिका ने कहा, हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला-अंडर 21) जीतना मेरे करियर का एक बड़ा मील का पत्थर है। इस तरह की मान्यता युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायक होती है और यह हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि मेरी यात्रा में शामिल हर व्यक्ति का है, जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने में मदद की, और मैं इस समर्थन प्रणाली के लिए तहे दिल से आभारी हूं।
यह पुरस्कार दीपिका के लिए और भी खास इसलिए था, क्योंकि उसी साल उनके आदर्श, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया को हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) से सम्मानित किया गया। अपने आदर्श सविता पुनिया के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए दीपिका ने कहा, बहुत कम उम्र में,



जब मुझे यह भी नहीं पता था कि खेल एक पेशा हो सकता है, मैं हिसार ट्रेनिंग सेंटर में भारतीय महिला टीम के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से लौटने पर उनका स्वागत करने जाती थी। खिलाड़ियों के लिए तालियां बजाना और सविता जैसी सितारों को फूलों की माला पहनाना मेरे जीवन के सबसे अनमोल क्षण थे। दीपिका ने यह भी बताया कि सविता से मिलने के बाद वह अपनी हॉकी स्टिक को खुद से दूर नहीं रखती थीं और अक्सर उसे अपने साथ लेकर सोती थीं, भारतीय जर्सी पहनने का सपना देखती थीं। अब जब उनका यह सपना पूरा हो चुका है, तो उनका अगला लक्ष्य विश्व कप में पोडियम फिनिश और भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए पहला ओलंपिक पदक जीतना है। आने वाले समय को लेकर दीपिका ने कहा, ॰इस साल हमारे लिए कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं, खासकर महिला एशिया कप जो विश्व कप योग्यता के लिए भी अहम होगा। पूरी टीम इस टूर्नामेंट के लिए तैयारी कर रही है, और हरेंद्र सर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम अपनी सभी कमजोरियों को दूर करें। दीपिका का प्रदर्शन 2022 एशियाई खेलों (हांगझोउ) में कांस्य पदक और 2022 एशिया कप में कांस्य पदक जीतने में अहम रहा। इसके अलावा बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारत की स्वर्ण पदक विजेता टीम की भी वह प्रमुख सदस्य रहीं। दीपिका ने फाइनल में चीन के खिलाफ एकमात्र गोल दागा और पूरे टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं, जिन्होंने 11 गोल किए। 2024 में उन्होंने कुल 26 मैचों में 17 गोल किए, जिससे वह महिला हॉकी की तीसरी सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी बनीं। उनसे आगे केवल नीदरलैंड की यिब्बी जानसेन (29 गोल) और बेल्जियम की अंब्रे बालेंघिएन (19 गोल) थीं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह की टीम का अहम हिस्सा बन चुकीं दीपिका आगामी चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



मियामी ओपन टेनिस में डारिया कसाटकीना फोरहैंड शॉट लगाती हुई।



# सिकंदर की रिलीज से पहले लाफ्टर शेफ्स में नजर आएंगे सलमान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म इस महीने के अंत में रिलीज होने वाली है। ऐसे में अब सलमान खान ने फिल्म का प्रचार भी शुरू कर दिया है। अब खबर आई है कि सलमान खान सिकंदर का प्रचार एक शो में करेंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान फिल्म को प्रमोट करने के लिए लाफ्टर शेफ्स- अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 2 में नजर आएंगे। इंडिया फोरम की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सलमान खान की आगामी एपिसोड में कुकिंग-आधारित शो लाफ्टर शेफ्स- अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में एक विशेष उपस्थिति होगी। हालांकि, इस बारे में अभिनेता या निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर का इंतजार है।

## इस दिन आएगा फिल्म का ट्रेलर

इससे पहले फिल्म के ट्रेलर पर अपडेट सामने आया था। सलमान खान की सिकंदर का ट्रेलर आठ दिनों के भीतर रिलीज होने वाला है। निर्माताओं ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनाए रखने के लिए कई प्रोमो और दो टीजर जारी किए हैं। यहां तक कि फिल्म के दो गाने भी रिलीज हो चुकी हैं। अब खबर है कि फिल्म का ट्रेलर सिनेमाघरों में इसकी रिलीज से ठीक एक हफ्ता पहले जारी किया जाएगा।

## फिल्म की शूटिंग पूरी

आज निर्माताओं ने फिल्म का तीसरा गाना सिकंदर नाचे का टीजर भी जारी किया है। सलमान खान और एआर मुरुगादॉस ने सिकंदर के लिए पहली बार साथ काम किया है। सलमान ने अपने किक के निर्देशक साजिद नाडियाडवाला के साथ फिर हाथ मिलाया है। हाल ही में सलमान खान ने फिल्म का आखिरी सीन शूट किया था, जो इसका डांस नंबर ही था। फिल्म का संपादन पूरा हो चुका है और वीएफएक्स और बैकग्राउंड पर काम चल रहा है।

## कब रिलीज होगी फिल्म

सलमान खान ने फिल्म के लिए डबिंग भी शुरू कर दी थी। इस फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सत्यराज और प्रतीक बब्बर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सलमान के साथ यह रश्मिका की पहली फिल्म है। यह फिल्म ईद 2025 के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है।



# जगन शक्ति की मूवी में तमन्ना की एंट्री? साथ दिखेंगे अजय देवगन



निर्देशक जगन शक्ति की आगामी फिल्म में कथित तौर पर तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। वहीं इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और संजय दत्त की भी होने की उम्मीद है। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म हो सकती है। तमन्ना भाटिया मिशन मंगल फिल्म निर्माता जगन शक्ति द्वारा निर्देशित एक रोमांचक नई फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म में तीनों का एक्शन अवतार देखने को मिल सकता है। कथित तौर पर इस फिल्म का नाम रेंजर रखा गया है। इसे लव फिल्म्स बना रही है, जिसके साथ अजय देवगन पहले दे दे प्यार दे फिल्म पर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में संजय दत्त विलेन की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। खबर के मुताबिक, फिल्म के डायरेक्टर जगन शक्ति ने तमन्ना भाटिया को मुख्य भूमिका के लिए चुना है। तमन्ना अप्रैल के पहले हफ्ते में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। यह फिल्म एक्शन और रोमांच से भरी होगी।

## मार्च के आखिरी में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

कथित तौर पर तमन्ना इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उनकी भूमिका अच्छी तरह लिखी गई है और इसमें एक खास मोड़ भी है। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी कई तारीखें दी हैं और तैयारी शुरू कर दी है। तमन्ना ने डायरेक्टर जगन शक्ति के साथ स्क्रिप्ट पर भी कई बार चर्चा की है। फिल्म में कई बड़े कलाकार होंगे, लेकिन उनके नाम अभी छिपाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को पूरे साल में अलग-अलग चरणों में शूट किया जाएगा और 2026 में सिनेमाघरों में बड़े स्तर पर रिलीज होगी। कथित तौर पर यह एक महंगी फिल्म होगी। फिल्म में नए तरह के सींस होंगे और अजय नई तकनीक से कुछ खास करने के लिए तैयार हैं।



# इम्तियाज अली बना सकते हैं रॉकस्टार 2

बॉलीवुड निर्देशक इम्तियाज अली कथित तौर पर अपनी फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बन सकता है। जब 2011 में रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार रिलीज हुई थी, तब दर्शकों ने इसे बेहद पसंद किया था। यही वजह है कि इस फिल्म का सीक्वल बन सकता है।

क्या बनेगी रॉकस्टार 2

रणबीर कपूर को दर्शकों ने फिल्म रॉकस्टार में जॉर्डन के करिदार में बेहद पसंद किया था। फिल्म की कहानी से लेकर इसका म्यूजिक दर्शकों के बीच काफी मशहूर हुआ। ओटीटी प्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने कहा है कि शायद अब सही वक्त है कि रॉकस्टार 2 बनाई जाए। सवाल यह है कि क्या यह सच में होगा और अगर हां, तो कब?

## रॉकस्टार को लेकर इम्तियाज का नजरिया

ओटीटीप्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्म रॉकस्टार को लेकर कहा, कभी ना नहीं कहना चाहिए। हो सकता है कोई नया आइडिया आए और मुझे लगे कि यह रॉकस्टार की कहानी को आगे बढ़ा सकता है। कभी-कभी कोई अजीब विचार भी दिमाग में आ जाता है। इम्ताज की इन बातों से लगता है कि वह रॉकस्टार 2 बना सकते हैं।

## क्या रणबीर कपूर रॉकस्टार 2 में होंगे?

रणबीर की फिल्म एनिमल में उनके किरदार में जॉर्डन जैसी तेजी देखने को मिली थी। जिस तरह उन्होंने भावनाओं को दिखाया, वह लोगों को बहुत पसंद आया। तो अगर स्क्रिप्ट अच्छी हुई, तो रणबीर जॉर्डन या किसी ऐसे ही किरदार के साथ वापसी कर सकते हैं। लेकिन मूल फिल्म में नरगिस फाखरी का किरदार मर गया था, तो उनका सीक्वल में लौटना मुश्किल है।

# गांधारी की शूटिंग हुई पूरी, अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर शेयर किए अनुभव

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री तापसी पन्नू जल्द ही एक शानदार फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसके सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। अपनी आगामी फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी होने को लेकर उन्होंने एक बड़ा अपडेट किया है, जिसे लेकर उनके फैंस में उत्साह देखने को मिल रहा है। आइए जानते हैं क्या है पूरी खबर।

## जब वह धारा के विपरीत जाती हैं

हाल ही में तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'गांधारी' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग पूरी होने का संदेश दिया है। साथ ही पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने फिल्म से जुड़े अनुभवों को शेयर किया है। इसमें तापसी ने लिखा कि अगर इच्छा शक्ति और धैर्य नाम का कोई फ्यूल होता है, तो उन्होंने इस फिल्म में देखा। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कहा कि जब वह धारा के खिलाफ जाने का प्रयास करती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। अभिनेत्री ने लिखा कि जल्द ही वह 'गांधारी' लेकर आ रही हैं।

## मां के रोल में दिखेंगी अभिनेत्री

यह वीडियो एक्शन थ्रिलर फिल्म एक अलग तरह के प्यार को दर्शाएगा। फिल्म में मां और बच्चे के बीच गहरे संबंधों को यह फिल्म रेखांकित करेगी। पिछले कुछ महीनों पहले फिल्म को लेकर जारी हुए एक शॉर्ट वीडियो से यह जानकारी मिला थी।

## कनिका ढिल्लों के साथ आएंगी नजर

बता दें कि तापसी पन्नू और कनिका ढिल्लों 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में एक साथ काम कर चुकी हैं। इस फिल्म को कनिका ने ही लिखा है। अब एक बार फिर दोनों की जोड़ी इस फिल्म में नजर आएगी।



# निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं चिरंजीवी

निर्देशक अनिल रविपुडी ने इस संक्रांति के मौके पर वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म ने वैश्विक रूप से बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर संक्रांति के त्योहार को और भी ज्यादा खास बना दिया था। अब अनिल एक नए प्रोजेक्ट के साथ तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी नजर आने वाले हैं। ताजा खबरों के मुताबिक अनिल ने चिरंजीवी की अगली फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है। खबर है कि अनिल ने इस फिल्म में एक खास फ्लैशबैक सीन तैयार किया है जो रायलसीमा की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। चिरंजीवी इसमें लंबे समय बाद सीमा बोली में बात करते नजर आएंगे जो फैंस के लिए एक बड़े तोहफे से कम नहीं होगा। फिल्म की शूटिंग जून के पहले हफ्ते से शुरू होने की उम्मीद है।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को साहू गरपति अपनी शाइन स्क्रीन्स बैनर तले प्रोड्यूस करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो चिरंजीवी इन विश्वभरा के लिए भी काफी ज्यादा चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मल्लिदी वशिष्ठ ने किया है। फिल्म को इसी साल 9 मई को रिलीज करने की तैयारी है।





# स्टारकिड्स के समर्थन में उतरे हंसल मेहता

फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू करने के बाद से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। वजह है फिल्म को लेकर हो रही आलोचना। फिल्म में इब्राहिम के साथ एक और स्टारकिड खुशी कपूर भी नजर आई थीं। नेटफिलक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म की काफी आलोचनाएं हो रही हैं और सोशल मीडिया पर तो लोग नेटफ्लिक्स की टीम तक को खरी-खोटी सुना रहे हैं। तो वहीं फिल्म के दोनों कलाकारों को भी लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अब दिग्गज फिल्ममेकर हंसल मेहता इन स्टारकिड्स के समर्थन में आए हैं और उन्होंने इन टिप्पणियों को लोगों का खराब टेस्ट बताया है।

## हंसल मेहता ने किया बचाव

बातचीत में निर्देशक-निर्माता हंसल मेहता ने नादानियां फिल्म की आलोचना और स्टारकिड्स के बारे में दर्शकों की राय पर कहा, मुझे लगता है कि लोग बहुत कठोर और गलत हैं। दुख की बात यह है कि क्या हमने इन्हें मौका मिलने से पहले, इन बच्चों की तैयारी देखी है? लोग जिस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं, वे बहुत ही खराब हैं। मुझे यकीन है कि ये टिप्पणियां इन नए बच्चों के लिए काफी दर्दनाक होंगी, लेकिन हम भूल जाते हैं कि एक समय में उनके माता-पिता ने भी बहुत ही अजीब शुरुआत की थी। बात बस इतनी है कि वे उस समय लोगों की नजरों में उतने नहीं थे, जितने अब सोशल मीडिया के कारण हैं।

## स्टारकिड होने से कोई अच्छा एक्टर नहीं हो सकता

हंसल मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि फिल्मों को बनाने, निर्माण करने और निर्देशन के लिए जिम्मेदार लोगों को पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि कलाकार और उनकी टीम उन्हें लॉन्च करने से पहले पूरी तरह से तैयार हो। निर्देशक ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि कोई व्यक्ति सिर्फ अपने वंश के कारण या परिवार के कारण अच्छा एक्टर होगा।

## बड़े बैनर से लॉन्च होना चाहते हैं स्टारकिड

हंसल मेहता ने आगे कहा, स्टारकिड्स किसी बड़े बैनर से ही लॉन्च होना चाहते हैं, भले ही उनके पास कोई बड़ा और बढ़िया आइडिया हो या न हो। वो चाहते हैं कि कोई बड़ा इंसान उन्हें हर समय सलाह देता रहे। फिर जब मैं देखता हूं कि लोग उनका मजाक उड़ा रहे हैं, तो मुझे बहुत दुख होता है। मेरा उनसे बस यही कहना है कि वो अपना सिर नीचे रखें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। जैसे ही वे किसी चीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, चाहे वह बॉक्स ऑफिस पर कितनी भी अच्छी या बुरी क्यों न हो, उन्हें सम्मान मिलेगा। उनका पहला लक्ष्य अपने काम से सम्मान पाना होना चाहिए।

# मां बनने के बाद काम पर लौटने की तैयारी में दीपिका पादुकोण

हाल ही में दीपिका पादुकोण ने एक अंतराष्ट्रीय इवेंट में खुलासा किया कि वह किस तरह जिम्मेदारियों और काम के बीच संतुलन बना रही थी। अभिनेत्री ने बताया कि वह पता लगा रही थी कि मां बनने के बाद बिना पश्चाताप के काम पर कैसे लौटें। उन्होंने मां बनने के बाद सिनेमाई परदे पर वापसी को लेकर कहा कि वह इससे जूझ नहीं रही थी, बल्कि समझ रही थी। दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं, वह जल्द ही फिर से काम पर लौटने वाली हैं। साल 2024 में अभिनेत्री आखिरी बार 'सिंघम अगेन' फिल्म में नजर आई थीं। इस बात से उन्होंने संकेत दे दिया है कि वह बहुत जल्द अपने अभिनय का जादू बिखेरती दिखेंगी।



# युवा संसद में 'एक देश, एक चुनाव' पर बनी आमराय

**नोएडा ( चेतना मंच )।** द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के ऑडिटोरियम में 'विकसित भारत युवा संसद' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस आयोजन में गौतमबुद्धनगर, बागपत और गाजियाबाद जनपदों से चयनित होकर आए युवा वक्ताओं ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर अपने विचार साझा किए। युवाओं ने देश के लोकतांत्रिक सुधार और भविष्य को लेकर सारगर्भित एवं रचनात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने में युवाओं की भागीदारी अहम है। उन्होंने कहा, 'यदि हमें विकसित भारत का सपना साकार करना है, तो हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करना होगा और राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करना होगा।' उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन' प्रणाली से चुनावी खर्च और समय की बचत होगी, जिससे विकास कार्यों को अधिक गति मिलेगी।

बागपत के ईनाम उल हसन ने कहा, 'मार्ग में बाधाएं चाहे अनेक हों, जब देश एक है तो चुनाव भी एक हो।' गौतमबुद्धनगर के अभिनव, अर्जुन प्रताप, अवनी मिश्रा और आशी पांडेय ने वन नेशन, वन इलेक्शन के संभावित लाभ और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। गाजियाबाद के विशाल सिरोही, रेशु और सृष्टि पांडेय ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली' से देश को विकास की अपूर्व गति मिलेगी क्योंकि चुनावी प्रक्रिया पर होने वाला अनावश्यक खर्च और समय बचाया जा सकेगा।




कार्यक्रम में प्रिंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी की डायरेक्टर डॉ सपना आर्या, शिक्षाविद डॉ. सत्यवीर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर पंकज सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपक राय और सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कौशिक निर्णायक मंडल में शामिल रहे। उन्होंने युवाओं के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि युवा संसद जैसे मंच लोकतंत्र को मजबूत करने और युवाओं को नीति-निर्माण की दिशा में सशक्त भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करते हैं। संस्थान की निदेशक डॉ. अर्पिता गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता भारद्वाज ने युवाओं को मार्गदर्शन दिया और उन्हें विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश के सर्वोच्च युवा पुरस्कार, विवेकानंद यूथ अवार्ड से पुरस्कृत सामाजिक कार्यकर्ता अमन कुमार ने भी युवाओं से सार्थक संवाद किया।

नेहरू युवा केन्द्र गौतमबुद्ध नगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे जिनमें से 10 युवा चयनित होकर लखनऊ में राज्य स्तरीय युवा संसद में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# विधिक साक्षरता शिविर के जरिए छात्र व छात्राओं को किया जागरूक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में विगत दिवस अपर जिला जज, गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सैन्ट हुड पब्लिक स्कूल दादरी ग्रेटर नोएडा में छात्र व छात्राओं के मध्य किया गया।

शिविर में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर की अध्यक्षता में छात्र व छात्राओं को पॉश एक्ट तथा शिक्षा का अधिकार, गुड टच बेड टच, भारत के संविधान में दिए गए अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध मे जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाएं तथा उत्तर प्रदेश पीडित क्षतिपूर्ति योजना एवं मीडिएशन तथा प्री-लिटीगेशन स्तर पर विवादो का निस्तारण आदि के संबंध मे विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

शिविर में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ स्कूल की प्रधानाचार्या आशा एवं अन्य गणमान्य, स्कूल की अध्यापिकाओं सहित अधिक सख्या मे छात्राएं उपस्थित रही।

किसान सोलर पंप हेतु आवेदन

# टोकन कन्फर्म होने पर किसान बैंक में जमा करा दें चालान में अंकित धनराशि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उप निदेशक कृषि ने बताया कि पी0एम0 कुसुम यंजनान्तर्गत ऐसे कृषक



जिनके द्वारा सोलर पम्पों हेतु आवेदन किया गया था एवं टोकन कन्फर्म करने के पश्चात् अवशेष कृषक अंश की धनराशि कृषक कतिपय किन्हीं कारणों वश नहीं जमा कर पाए थे, ऐसे कृषकों का पुनः 20 मार्च को टोकन कन्फर्म कर दिया गया है। जिनको पोर्टल के माध्यम से उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर मैनेज प्रेषित किया गया है। साथ ही जो कृषक सोलर पंप के इच्छुक है एवं सोलर पंप अनुदान पर लेना चाहते हे विभागीय पोर्टल से लक्ष्य पूर्ण होने तक बुकिंग कर सकते है।

उन्होंने जनपद के उन समस्त किसान भाइयों से अपील करते हुए बताया कि जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में सोलर पंप बुकिंग की गयी है वे किसान बन्धु पुनः 20 मार्च को टोकन कन्फर्म होने के उपरान्त विभागीय पोर्टल से चालान जनरेट कर चालान में अंकित धनराशि इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें. निर्धारित समय के अन्दर न जमा करने की दशा में बुकिंग की धनराशि जब्त हो जायेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा कृषक अंश बनराशि जमा करने हेतु कृषकों को फोन किया जाता है तो कृषक भाई संज्ञान में न ले, सही जानकारी कृषि विभाग से प्राप्त करें एवं जालसाजों से सावधान रहें।

# मातहत कर्मचारियों ने किया डीपीआरओ का स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर विकास भवन मे नया प्रभार संभालने वाले ईमानदार छवि के जिला पंचायत राज अधिकारी डी पी आर ओ वीरेंद्र सिंह यादव का सभी कर्मचारियों ने फूलमाला डालकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया



स्वागत करने विभाग के कर्मचारी और सामजसेवी राजीव भाई नवादा और करन खटाना के नेतृत्व मे सत्येन्द्र जानसिवाना, प्रमोद दुजाना, सुनील कासना, सोहनपाल, राजेश दुजाना, अजीत, अनीता व अन्य सभी उपस्थित कर्मचारीगण विकास भवन पहुँचे। जहां उन्होने जिला पंचायत कार्यालय मे जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय को पुष्प माला व राधा कृष्ण का चित्र देकर स्वागत किया

डी पी आर ओ ने सभी को धन्यवाद देते हुएं कहा कि सभी कर्मचारी उनके लिए प्रिय है और वह उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करेगे ।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# ग्रेटर नोएडा की धरा पर पहली बार होगा अनोखा अनुष्ठान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में 8 अप्रैल से आयोजित होने वाले शतचंडी महायज्ञ के लिए यज्ञशाला एवं श्री बालाजी महाराज का ध्वज स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया। श्री बालाजी मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाले श्री राम नाम संकीर्तन प्रवचन एवं अरणी मंथन सतचंडी महायज्ञ का आयोजन 8 अप्रैल 2025 से 12 अप्रैल 2025 तक होगा।

अनुष्ठान की जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक सतेन्द्र राघव ने बताया कि श्री राम नाम संकीर्तन एवं प्रवचन श्री धाम वृंदावन से पधार रहे आचार्य संत सत्यदेवानंद जी महाराज के मुखारविंद से अमृत वर्षा होगी। सतचंडी महायज्ञ अनुष्ठान सॉन्ग वेद संस्कृत महाविद्यालय नरवर के प्रबुद्ध प्रकांड आचार्य पंडित कृष्ण गोपाल भारद्वाज एवं अन्य आचार्यों द्वारा गौरी शंकर मंदिर गामा 1 ग्रेटर नोएडा में कराया जाएगा।

इस अनुष्ठान की निर्विघ्न पूर्ति के लिए यज्ञशाला भूमि पूजन एवं ध्वज लगाकर प्राकृतिक यज्ञशाला जो ऋषि और महर्षियों के द्वारा उनके आश्रमों में बांस बली आदि से बनाकर निर्मित की जाती थी ऐसी ही सुंदर यज्ञशाला का निर्माण से गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हो रहा है। इस यज्ञशाला के अंदर मां भगवती दुर्गा सप्तशती सतचंडी पूजा पाठ एवं अरणी मंथन महायज्ञ 8 अप्रैल प्रातः 7 बजे से 5 दिन 12 अप्रैल तक प्रति दिन चलेगा। उन्होंने बताया कि दोपहर में 1 बजे से 3 तक श्री राम नाम संकीर्तन प्रवचन कार्यक्रम चलेगा।

संध्या काल में 3 बजे से दुर्गा सप्तशती पाठ एवं महायज्ञ प्रति दिन चलेगा। यह अनुष्ठान माता अंजनी के लाल पवनसुत हनुमान जी के प्राकट्य दिवस पर दिव्य हनुमंत जन्मोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा वासियों का आवाहन करते हुए संस्था के संस्थापक प्रबंधक सतेन्द्र राघव ने कहा इस प्रकार का अनुष्ठान ग्रेटर नोएडा की पावन धरा पर पहली बार हो रहा है। 12 अप्रैल को इसकी पूर्णाहुति होगी एवं श्री बालाजी महाराज का छप्पन भोग प्रसाद एवं भंडारा सभी को प्राप्त होगा।

इस अवसर पर संस्था के कार्याध्यक्ष मनोज सिंघल वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश यादव कुलदीप शर्मा महेंद्र कुमार वर्मा योगेंद्र सोलंकी महासचिव प्रमोद चौहान सचिव संजय शर्मा सहकोषाध्यक्ष अंकित मित्तल संपर्क प्रमुख विनीत पांडे व्यवस्था प्रमुख जयप्रकाश सिंह संदीप मिश्रा सोशल मीडिया प्रमुख आशीष बंसल लेखा अधिकारी आशुतोष जैना पवन मित्तल अमरजीत सिंह अवधेश कुमार वर्मा राहुल लंबरदार जी पी गोस्वामी धीरज सिंह अमरीश चौहान संजीव शर्मा हर्षित गुप्ता आनंद भाटी राजीव भारद्वाज धीर सिंह चौहान तेजेंद्र सिंह चौहान अजेंद्र रावत मातृशक्ति वीना अरोड़ा प्रतिमा सिंह सीमा सिंह मिली गुप्ता किरण मिश्रा राखी मित्तल रीना गुप्ता रूपा गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या में भक्तगण आज की पूजा में शामिल हुए।

# सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम को टीकाकरण का शुभारंभ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सर्वाइकल कैंसर से छात्राओं को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से




आकांक्षा समिति गौतमबुद्धनगर के तत्वाधान में आई0एम0ए0 नोएडा के सभागार में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। टीकाकरण अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति की राज्य अध्यक्षा डॉक्टर रश्मि सिंह (आईएएस) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान आकांक्षा समिति की जिला अध्यक्ष डॉ0 अंकिता राज, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं सहयोगी संस्था एईपीसी अध्यक्ष ललित ठकराल, फेलिक्स अस्पताल से डॉक्टर डीके गुप्ता, एनएईसी नोएडा डॉ वी के सिंह, आईएमए से सुनील अवाना एवं संकल्प कैंसर केयर फाउंडेशन, रोटरी क्लब रोटरी के सम्बन्धित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

एचपीवी टीकाकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि(आइएएस) डॉक्टर रश्मि सिंह ने एचपीवी टीकाकरण के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि एचपीवी टीकाकरण कराने से सर्वाइकल कैंसर से बचा जा सकता है। यह टीका 9 वर्ष से 26 वर्ष तक की लड़कियों को लगाया जाता है आप इस संबंध में अन्य लोगों को भी जागरूक करें कि वह भी इस टीके को अपनी बेटियों को अवश्य लगवायें, ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बचा जा सके। साथ ही बताया कि यह टीकाकरण बिल्कुल सुरक्षित है।

उन्होंने यह भी बताया कि आकांक्षा समिति द्वारा जनपद गरीस्थ 09 से 28 आयु की बालिकाओं के लिए विभिन्न संस्था के सहयोग से एवं सीएसआर के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए विशेष प्रयास किया जायेगा।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के विषय में जानकारी देते हुए इससे किस प्रकार बचा जा सकता है, इसके पूर्ण जानकारी छात्राओं को दी और कहा कि आप अपनी सहेलियों एवं सगे संबंधियों को भी इसके संबंध में जागरूक बनाते हुए उनको टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

आकांक्षा समिति की जिला अध्यक्षा डॉक्टर अंकिता राज ने सर्वाइकल कैंसर के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि एचपीवी टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी चलता रहेगा इसीलिए आप भी अपने स्तर से इसका प्रचार करते हुए लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।


